दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

नीट के 'दुश्मन डिकोड'

यूपी-हरियाणा बॉर्डर से सबसे पहले लीक हुआ था नीट का पेपर

एजेंसी । नई दिल्ली

नीट पेपर लीक को लेकर देशभर में हंगामा मचा हुआ है। इस बीच नीट पेपर लीक मामले में नई जानकारी सामने आई है। कहा जा रहा है कि नीट का पेपर बिहार नहीं बल्कि सबसे पहले यूपी और हरियाणा के बॉर्डर के पास स्थित किसी एग्जाम सेंटर से लीक किया गया था। इसके बाद इसे बिहार समेत अन्य जगहों पर प्रसारित किया गया। नीट पेपर लीक कांड में उत्तर प्रदेश के मेरठ की जेल में बंद रवि अत्री की भूमिका प्रमुख रूप से सामने आ रही है। बिहार की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सॉल्वर एवं सेटर अतुल वत्स्य और अंशुल सिंह के तार भी यूपी के माफिया गिरोह रवि अत्री से जुड़ रहे हैं। उसने जेल के अंदर से ही नीट पेपर लीक का पूरा तानाबना बुना।

नीट पेपर लीक कांड का पहला अड्डा है, पटना का लर्न एंड प्ले स्कूल

मेडिकल एंट्रेंस के लिए देश भर में 5 मई को नीट यूजी परीक्षा का आयोजन किया गया था। इससे एक दिन पहले 4 मई की रात को बिहार के पटना जिले के खेमनीचक इलाके में स्थित लर्नेड प्ले स्कूल में 35-40 अभ्यर्थियों को नीट का पेपर और उत्तर रटवाया जा रहा था। पुलिस ने जब यहां छापेमारी की तो 16 लोगों को गिरफ्तार किया था। साथ ही मौके से कई कागजातों के साथ प्रश्न-पत्र के जले हुए टुकड़े भी मिले। इसी से पता चला कि नीट का पेपर लीक हुआ है। बिहार ईओयू ने जले हुए प्रश्न-पत्र के अवशेष पर दर्ज अधूरे कोड के आधार पर यह पता लगाने की कोशिश की कि यह लीक कहां से हुआ।

झारखंड-यूपी एवं हरियाणा तक पहुंचा मामला

ईओयू की जांच अब बिहार से बाहर झारखंड और यूपी एवं हरियाणा तक पहुंच गई है। झारखंड के देवघर में ईओयू ने छापेमारी कर शुक्रवार रात को 6 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें बालदेव कुमार उर्फ सिंटू उर्फ चिंटू, पंकु कुमार, परमजीत सिंह उर्फ बिट्टू, काजू उर्फ प्रशांत कुमार, अजीत कुमार, राजीव कुमार उर्फ कारू शामिल हैं। इनमें से 5 बिहार के नालंदा जिले के रहने वाले हैं। ईओयू इन्हें पटना लाकर किसी गुप्त स्थान पर पूछताछ कर रही है।

नीट पेपर लीक का मास्टरमाइंड कौन?

नीट पेपर लीक की जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, इसके मास्टरमाइंड भी बदल रहे हैं। पहले पटना से गिरफ्तार पथ निर्माण विभाग के जूनियर इंजीनियर सिकंदर यदुवंशी को इसका सरगना माना जा रहा था। बाद में और खुलासे हुए तो नालंदा जिले के निवासी संजीव मुखिया को सरगना माना गया। वह अभी तक फरार चल रहा है। मगर अब यूपी की जेल में बंद रवि अत्री को पूरे पेपर लीक कांड का मुख्य सरगना बताया जा रहा है। हालांकि, अभी तक ईओयू ने आधिकारिक रूप से उसकी भूमिका स्पष्ट नहीं की है।

हटाए गए NTA के डीजी सुबोध कुमार, रिटायर्ड IAS प्रदीप सिंह खरोला नए DG :

नीट-यूजी और यूजीसी-नेट परीक्षाओं के आयोजन में अनियमितताओं को लेकर राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) के प्रमुख सुबोध कुमार सिंह को शनिवार रात उनके पद से हटा दिया गया। उन्हें कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग में प्रतीक्षा पर रखा गया है। नियमित NTA प्रमुख की नियुक्ति होने या अगले आदेश तक उनके स्थान पर 1985 बैच के सेवानिवृत्त अधिकारी प्रदीप सिंह करोला को नियुक्त किया गया है।

देश में एंटी-पेपर लीक कानून लागू

पेपर लीक हुआ तो 10 साल जेल, 1 करोड़ तक जुर्माना

देश में एंटी-पेपर लीक कानून यानी पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट, 2024 लागू हो गया है। केंद्र ने शुक्रवार (21 जून) की आधी रात इसका नोटिफिकेशन जारी किया। यह कानून भर्ती परीक्षाओं में नकल और अन्य गड़बड़ियां रोकने के लिए लाया गया है। इस कानून के तहत, पेपर लीक करने या आंसर शीट के साथ छेड़छाड़ करने पर कम से कम 3 साल जेल की सजा होगी। इसे 10 लाख तक के जुर्माने के साथ 5 साल तक बढ़ाया जा सकता है। परीक्षा संचालन के लिए नियुक्त सर्विस प्रोवाइडर अगर दोषी होता है तो उसे 5 से 10 साल तक की जेल की सजा और 1 करोड़ रुपए तक जुर्माना होगा। सर्विस प्रोवाइडर अवैध गतिविधियों में शामिल है, तो उससे परीक्षा की लागत वसूली जाएगी। NEET और UGC-NET जैसी परीक्षाओं में गड़बड़ियों के बीच यह कानून लाने का फैसला बड़ा कदम माना जा रहा है। इससे पहले, केंद्र सरकार और जांच एजेंसियों के पास परीक्षाओं में गड़बड़ी से जुड़े अपराधों से निपटने के लिए अलग से कोई ठोस कानून नहीं था।

NTA में सुधार के लिए 7 सदस्यीय कमेटी का ऐलान

ISRO के पूर्व चेयरमैन राधाकृष्णन चीफ दो महीने में केंद्र को रिपोर्ट सौंपेगी

शिक्षा मंत्रालय ने शनिवार को NTA (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) की परीक्षाओं में गड़बड़ियां रोकने और पारदर्शिता लाने के लिए 7 सदस्यीय हाई लेवल कमेटी का ऐलान किया। ISRO के पूर्व चेयरमैन और IIT कानपुर के पूर्व डायरेक्टर के. राधाकृष्णन इसके चीफ होंगे। यह कमेटी 2 महीने में शिक्षा मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपेगी। NEET एग्जाम विवाद पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 20 जून को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी घोषणा की थी। शिक्षा मंत्री ने कहा था कि ये कमेटी NTA के स्ट्रक्चर, फंक्शनिंग, एग्जाम प्रोसेस, ट्रांसपेरेंसी, ट्रांसफर और डेटा, सिक्योरिटी प्रोटोकॉल को और इम्प्रूव करने के लिए शिक्षा मंत्रालय को सुझाव देगी।

न्यूज़ ब्रीफ

कश्मीर के उरी में सुरक्षाबलों ने 2 आतंकी मार गिराए

उरी। जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में शनिवार को सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकियों को मार गिराया। घटना गोहलन इलाके में हुई। अधिकारियों के मुताबिक गोहलन में अब भी रुक-रुककर सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच फायरिंग हो रही है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने आतंकियों के एक समूह को उरी के गोहलन इलाके में घुसपैठ करते हुए देखा। सुरक्षाबलों ने उन्हें रुकने को कहा और उनकी घुसपैठ को नाकाम किया। इससे पहले 19 जून को जम्मू-कश्मीर के बारामूला के हादीपोरा में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच एनकाउंटर हुआ था, जिसमें दो आतंकी मारे गए, जबकि स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप का एक जवान और एक पुलिसकर्मी घायल हुए।

केजरीवाल के PA बिभव की न्यायिक हिरासत 6 जुलाई तक बढ़ी

नई दिल्ली। दिल्ली CM अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत 6 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने शनिवार (22 जून) को यह फैसला सुनाया। बिभव पर AAP की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट का आरोप है। पुलिस ने 18 मई को उन्हें CM हाउस से गिरफ्तार किया था।

दुश्मनों की खैर नहीं; 4 तापस ड्रोन के लिए ऑर्डर देगी नौसेना

नई दिल्ली। भारतीय सेना देश के भीतर बने वेपन सिस्टम को लगातार बढ़ावा देने में जुटी है। इसी कड़ी में नेवी अब DRDO की ओर से निर्मित 4 तापस ड्रोन के लिए ऑर्डर देने को तैयार है। नौसेना समुद्री क्षेत्र पर निगरानी के लिए इन ड्रोन का इस्तेमाल कर सकती है। रक्षा अधिकारियों ने बताया, 'भारतीय नौसेना चार तापस ड्रोन का ऑर्डर देने जा रही है। इनका इस्तेमाल समुद्री निगरानी ऑपरेशन के लिए किया जा सकता है। ये ड्रोन भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) की टीम ने मिलकर तैयार किया है।' अधिकारियों ने बताया, 'तापस ड्रोन की डिलीवरी तेजी से करने का प्लान है। इसे लेकर करार पर हस्ताक्षर करने के 24 महीनों के भीतर पहली खेप भेजी जा सकती है। फिलहाल इस्तेमाल में लाए जा रहे ड्रोन का इस्तेमाल ट्रायल के लिए किया जाएगा। साथ ही, उनकी क्षमताओं में सुधार के लिए भी मदद ली जाएगी।' यह ध्यान देने वाली बात है कि तापस ड्रोन अब तक के ट्रायल में रक्षा बलों की जरूरतों को पूरा नहीं कर पाए हैं। हालांकि, डीआरडीओ तापस मीडियम-एल्टीट्यूड, लॉन्ग एंड्योरेंस (MALE) को और डेवलप करने में जुटा है।

लक्ष्मण हाके और नवनाथ वाघमारे का अनशन स्थगित

सरकार ने कहा- OBC आरक्षण नहीं होगा प्रभावित

दोपहर संवाददाता । मुंबई

जालना में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के कार्यकर्ता लक्ष्मण हाके ने अनशन को स्थगित कर दिया है। पिछले दस दिनों से हाके अपने सहयोगी नवनाथ वाघमारे के साथ जालना के वडीगोद्री में मराठा समाज के लोगों के सगे-संबंधियों को भी आरक्षण के लिए रक्त संबंधी अधिसूचना को रद्द करने की मांग को लेकर अनशन पर बैठे थे। शनिवार को राज्य के खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल के नेतृत्व में कुल छह मंत्रियों के प्रतिनिधिमंडल ने वडीगोद्री में हाके से मुलाकात की। सरकार की ओर से भुजबल ने हाके को ओबीसी की विभिन्न मांगों पर आश्वासन दिया। इसके बाद हाके और वाघमारे ने अनशन स्थगित कर दिया।

मांगों को लेकर सरकार से क्या हुई बात?

प्रतिनिधिमंडल के आग्रह पर अपना अनशन स्थगित करने के बाद लक्ष्मण हाके ने कहा कि उन्होंने अपना अनशन स्थगित किया है। समाप्त नहीं किया है। हमारी एक-दो मांगों को छोड़कर बाकी पर सरकार का रुख सकारात्मक है। हमें सरकार पर भरोसा है। लेकिन यदि ओबीसी आरक्षण को कोई नुकसान पहुंचता दिखाई देगा, तो आंदोलन की अगली दिशा तय की जाएगी।

किसी के बाप से भी नहीं डरते: भुजबल

भुजबल ने मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज-जरांगे पाटील का नाम लिए बिना कहा कि मैं किसी को धमकी नहीं देता हूं। दादागिरी भी नहीं करता हूं। लेकिन सभी को ध्यान में रखना चाहिए कि शरीफ हैं हम। किसी से लड़ते नहीं हैं। मगर जमाना जानता है कि हम किसी के बाप से भी नहीं डरते हैं। कुछ लोग अपनी औकात भूल गए हैं। शायद उन्हें अपनी याद दिलानी होगी। उन्हें औकात में रहना चाहिए। भुजबल ने कहा कि लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। अभी यह शुरुआत है। आंदोलन की जिंगारी जलानी होगी। भुजबल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में बीड़ से भाजपा उम्मीदवार पंकजा मुंडे का कुछ जाति के लोगों ने विरोध किया। इससे उन्हें हार का सामना करना पड़ा है।

भुजबल का आश्वासन

- राज्य सरकार के रक्त संबंधी अधिसूचना के बारे में अंतिम फैसला लेने के लिए मानसून सत्र के पहले सप्ताह में सर्वदलीय बैठक बुलाई जाएगी।
- मराठा के जिन लोगों ने फर्जी कुणबी प्रमाणपत्र हासिल किया है उनके खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। इस बारे में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को बैठक में आश्वासन दिया है।
- जाति प्रमाणपत्र को आधार कार्ड से जोड़ा जाएगा। इससे कोई व्यक्ति एक जगह पर आरक्षण का लाभ ले सकेगा।
- मराठा समाज के लिए गठित राज्य मंत्रिमंडल की उपसमिति के तर्ज पर ओबीसी समाज के लिए मंत्रिमंडल की उपसमिति बनाई गई है। ओबीसी समाज से आने वाले मंत्री उपसमिति के सदस्य होंगे।

एक भी कुणबी प्रमाणपत्र रद्द हुआ तो सरकार को परिणाम भुगतना पड़ेगा : जरांगे-पाटील

दूसरी ओर छत्रपति संभाजीनगर में मनोज जरांगे-पाटील ने कहा कि हम किसी भी हालत में ओबीसी कोटे में ही मराठा आरक्षण लेकर रहेंगे। सरकार को 13 जुलाई तक मराठा समाज को ओबीसी कोटे का आरक्षण लागू करना चाहिए। मेरी उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से यह मांग है। यदि मराठा समाज के लोगों का एक भी कुणबी जाति का प्रमाणपत्र रद्द हुआ तो सरकार को उसका परिणाम भुगतना पड़ेगा। यदि मराठा समाज का कुणबी जाति का प्रमाणपत्र रद्द हुआ तो हम लोग मंडल आयोग को ही रद्द करने की मांग करें। जरांगे-पाटील ने दावा किया कि हाके का आंदोलन सरकार द्वारा प्रायोजित था। भुजबल राज्य में दंगा कराना चाहते थे। यदि भुजबल सड़क पर उतरने की बात कर रहे हैं तो मराठा समाज के लोग भी घर में नहीं बैठेंगे। जरांगे-पाटील ने कहा कि सभी लोगों ने मिलकर मुझ पर गोली चालकर मारने की योजना बनाई होगी लेकिन मैं पीछे नहीं हटूंगा। मुझे मौत से डर नहीं लगता है।

सलमान फायरिंग केस

लॉरेंस के भाई का वॉयस सैंपल मैच



आरोपियों को फोन पर इंस्ट्रक्शन दे रहा था, मुंबई क्राइम ब्रांच ने किया कन्फर्म

मुंबई। सलमान खान के घर पर हुई फायरिंग के लिए गैंगस्टर लॉरेंस का भाई अनमोल हमलावरों को इंस्ट्रक्शन दे रहा था। पकड़े गए दोनों हमलावरों के मोबाइल से मिली ऑडियो रिकॉर्डिंग की पुलिस ने फोरेंसिक जांच कराई थी। मुंबई पुलिस ने सेंट्रल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी से अनमोल के ऑडियो सैंपल लिए और आरोपियों के मोबाइल में मिले ऑडियो को फोरेंसिक लैब भेजा था। यह सैंपल मैच हो गया है। सलमान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट पर 14 अप्रैल को सुबह पांच बजे दो हमलावरों ने फायरिंग की थी। घटना के दो दिन बाद मुंबई क्राइम ब्रांच ने गुजरात से आरोपी विक्की गुप्ता और सागर पाल को गिरफ्तार किया था।

लॉरेंस ग्रुप ने ली थी हमले की जिम्मेदारी

14 अप्रैल को सलमान के घर पर दो बाइक सवार हमलावरों ने 7.6 बोर की बंदूक से 4 राउंड फायर किए थे। फोरेंसिक एक्सपर्ट को मौके से एक लाइव बुलेट मिली थी। इस हमले की जिम्मेदारी लॉरेंस ग्रुप ने ली थी।

राहुल नार्वेकर पर जुर्माना

कोर्ट ने 3000 रुपए का जुर्माना भरने का दिया आदेश

दोपहर संवाददाता । मुंबई

मुंबई सेशन कोर्ट ने शनिवार को विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को कोर्ट में अनुपस्थित रहने पर 3000 रुपए का जुर्माना भरने का आदेश दिया है। इसके बाद कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई 8 जुलाई तक स्थगित कर दी है।

बेस्ट उपक्रम के जनरल मैनेजर की पिटाई का है मामला

जानकारी के अनुसार कोरोना कालखंड के दौरान बिजली दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बेस्ट उपक्रम के विरोध में आंदोलन किया था। उस समय राहुल नार्वेकर और उनके साथ आंदोलन कर रहे कार्यकर्ताओं ने बेस्ट उपक्रम के जनरल मैनेजर की पिटाई कर दी थी। इस मामले में कोलाबा पुलिस स्टेशन की टीम ने राहुल नार्वेकर और भाजपा नेता मंगलप्रभात लोढ़ा सहित 20 अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

समन के बाद भी हाजिर नहीं हुए नार्वेकर

इस मामले की सुनवाई मुंबई सेशन कोर्ट में चल रही है और गवाहों से जिरह की जा रही है। इस मामले में कोर्ट में पेश होने के लिए राहुल नार्वेकर को समन जारी किया गया था लेकिन राहुल नार्वेकर कोर्ट में पेश नहीं हुए थे। इसी वजह से जज ने राहुल नार्वेकर के वकील से पूछा कि नार्वेकर कोर्ट में क्यों पेश नहीं हुए। जज ने राहुल नार्वेकर को तीन हजार रुपए जुर्माना भरने का आदेश जारी किया और अगली सुनवाई के दौरान कोर्ट में उपस्थित रहने का आदेश जारी किया है।

रेलवे प्लेटफॉर्म टिकट सस्ता, दूध के डिब्बों पर 12% कर

नई दिल्ली। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) काउंसिल की 53वीं मीटिंग के नतीजे जारी कर दिए गए हैं। मीटिंग के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि भारतीय रेलवे द्वारा दी जाने वाली प्लेटफॉर्म टिकट, बैटरी वाली कार सर्विस जैसी सेवाओं को जीएसटी से छूट दी गई है। इसका मतलब है कि आने वाले दिनों में रेलवे प्लेटफॉर्म टिकट समेत अन्य सेवाएं सस्ती हो जाएंगी। वहीं, जीएसटी काउंसिल ने सभी दूध के डिब्बों पर 12 प्रतिशत की एक समान दर की सिफारिश की है। इसी तरह, जीएसटी काउंसिल ने शैक्षणिक संस्थानों के बाहर छात्रावास के रूप में दी जाने वाली सेवाओं के लिए प्रति व्यक्ति प्रति माह 20,000 रुपए की छूट दी है। इसके अलावा सोलर कूकर पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगाने को मंजूरी दे दी गई है।

थाइलैंड की महिला मुंबई में चला रही थी सेक्स रैकेट

सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

हाइलाइट्स

- सेक्स रैकेट चलाने को लेकर थाईलैंड की महिला गिरफ्तार
- ठाणे के होटलों में थाई महिला चला रही थी सेक्स रैकेट पुलिस ने 21 जून की रात को गोपनीय कार्रवाई में पकड़ा

दोपहर संवाददाता । मुंबई/ठाणे

मुंबई से सटे ठाणे में सेक्स रैकेट का खुलासा हुआ है। इस सेक्स रैकेट का संचालन एक थाईलैंड की महिला कर रही थी। पुलिस ने इस हाईप्रोफाइल सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ करने के लिए एक ऑपरेशन को अंजाम दिया। पुलिस ने गोपनीय सूचना पर होटल में छापा। इसमें खुलासा हुआ कि एक थाई महिला ठाणे में सेक्स रैकेट का संचालन कर रही थी। वह थाईलैंड की महिलाओं को वेश्यावृति में धकेल रही थी। पुलिस ने होटल में बुलाई गई तीन अन्य थाईलैंड की महिलाओं को रेस्क्यू किया। इसके बाद उन्हें मुंबई के बोरीवली के पोइसर में रेस्क्यू फाउंडेशन भेज दिया गया।



गोपनीय सूचना पर कार्रवाई

ठाणे पुलिस की अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) शिवराज पाटिल ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस के मानव तस्करी रोधी प्रकोष्ठ (एएचटीसी) की एक टीम ने होटल में छापा मारा और वेश्यावृत्ति गिरोह संचालित करने वाली महिला को गिरफ्तार कर लिया। पाटिल ने कहा कि इस कार्रवाई को काफी गोपनीय रखा गया था। अपराध शाखा की टीम ने शुक्रवार रात एक होटल में छापेमारी के बीच गिरफ्तारी की गई और वहां से थाईलैंड की तीन महिलाओं को मुक्त भी कराया गया।

अपने तरह का पहला मामला

मुंबई और ठाणे में पहले भी पुलिस ने सेक्स रैकेट के मामले पकड़े हैं, लेकिन सेक्स रैकेट का संचालन एक थाई महिला कर रही थी। वह अपने देश की महिलाओं को देह व्यापार में उतार रही थी। पुलिस ने गिरफ्तार थाई महिला के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। महिला से पूछताछ की जा रही है कि इस अनैतिक धंधे में किसकी और संलिप्तता है। पुलिस ने सेक्स रैकेट को पकड़ने के लिए मानव तस्करी निरोधक प्रकोष्ठ (एएचटीसी) की एक टीम की मदद ली और फिर होटल में छापा मारा। ठाणे पुलिस के अनुसार आगे की जांच की जा रही है।

मीरा रोड के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में चोरी

दोपहर संवाददाता । मीरा रोड

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में मीरा रोड के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में चोरी का मामला संज्ञान में आया है। चोरी की घटना रात 2.30 बजे की है। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। सुबह जब मंदिर के पुजारी ने दरवाजा खोला तब उन्हें चोरी की जानकारी मिली। मंदिर के पुजारी हरिशरण त्रिपाठी ने बताया कि चोर ने बीती रात मंदिर का दरवाजा तोड़कर दानपेटी में रखे रुपये चुरा लिए। उन्होंने बताया कि कुछ साल पहले भी मंदिर में चोरी का असफल प्रयास हुआ था। मंदिर प्रबंधन ने नया नगर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

सीसीटीवी में कैद चोरी

जानकारी के मुताबिक, पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मीरा रोड इलाके में स्थित हनुमान मंदिर में गुरुवार रात करीब ढाई बजे तीन लोगों ने चोरी की। सुबह जब पुजारी ने मंदिर का मुख्य दरवाजे का ताला और दान पेटी टूटी देखी तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि नया नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया।

लोगों में गुस्सा

उधर, हनुमान मंदिर में दानपेटी चोरी होने की सूचना पर आसपास के लोगों में आक्रोश है। लोगों ने पुलिस से मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की है।

आरोपी को पकड़ने में जुटी पुलिस

पुलिस अधिकारी ने बताया कि हनुमान मंदिर के सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड तस्वीरों की पुलिस ने बारीकी से जांच की। जांच के आधार पर पुलिस तीनों आरोपियों को पकड़ने की कोशिश में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों को जल्द पकड़कर चोरी का खुलासा किया जाएगा।

सॉफ्टवेयर इंजीनियर से 40 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी

दोपहर संवाददाता । ठाणे

ठाणे जिले में 25 वर्षीय एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर के कथित तौर पर ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार होने और उसमें लगभग 40 लाख रुपए गंवाने का मामला सामने आया है।

पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि

एफआईआर दर्ज

कल्याण क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति के साथ 6 जून से 16 जून के बीच धोखाधड़ी की गई। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि दो लोगों ने उससे संपर्क कर पार्ट टाइम नौकरी की पेशकश की, जिसमें होटलों और रेस्तरां की ऑनलाइन रेटिंग देना शामिल था।

योजनाओं में करवाया निवेश

पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि उसे शुरू में इन कामों के लिए कुछ पैसे दिए गए थे, लेकिन बाद में उसे ऐसी योजनाओं में निवेश करने के लिए राजी कर लिया गया, जिनमें अधिक लाभ का वादा किया गया था। पुलिस अधिकारी ने एफआईआर का हवाला देते हुए बताया कि कुल मिलाकर उसने 10 दिनों में 40 .4 लाख रुपये गंवा दिए। जब बार-बार संपर्क करने के बावजूद उसे अपने निवेश पर कोई लाभ नहीं मिला, तो उसे एहसास हुआ कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है। सॉफ्टवेयर इंजीनियर की शिकायत के आधार पर कोलसेवाड़ी पुलिस ने गुरुवार को अविका मिश्रा नामक एक महिला समेत दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया। अधिकारी ने बताया कि कथित घोटालेबाजों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

पवार ने महिलाओं के लिए अधिक अवसरों की वकालत की

मुंबई/पुणे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को कहा कि महिलाओं को विधानसभा और लोकसभा चुनावों में अधिक अवसर दिए जाने चाहिए क्योंकि ''जिम्मेदारी सिर्फ पुरुषों के लिए आरक्षित नहीं है।''

यशस्विनी सम्मान समारोह में हुए शामिल

पवार यहां 'यशस्विनी सम्मान समारोह' में बोल रहे थे जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं को समाज में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। पवार ने यह भी कहा कि उन्होंने और उनके भाइयों ने जो पुरस्कार जीते हैं, उनका श्रेय 'मां को जाता है।' उन्होंने कहा, 'जिम्मेदारी केवल पुरुषों के लिए आरक्षित नहीं है। महिलाओं को भी अवसरों की जरूरत है। उन्हें विधानसभा और लोकसभा चुनावों में अधिक अवसर दिए जाने चाहिए। अगर मौका दिया जाए तो महिलाएं मेहनत करके दिखा सकती हैं और यह एक सिद्ध तथ्य है।

मेरे परिवार में शिक्षा के दरवाजे मेरी मां ने खोले। मेरे भाइयों अप्पासाहेब और प्रतापराव को पद्मश्री से सम्मानित किया गया है, जबकि मुझे पद्म विभूषण मिला है। इन सब पुरस्कारों का श्रेय मेरी मां को जाता है।'

महिलाओं के वायुसेना में शामिल होने के बाद से दुर्घटनाओं में कमी आयी

पूर्व रक्षा मंत्री पवार ने कहा कि उन्हें सशस्त्र बलों में महिलाओं को आरक्षण देने के अपने फैसले पर गर्व है। उन्होंने दावा किया कि महिलाओं के वायुसेना में शामिल होने के बाद से दुर्घटनाओं में कमी आयी है।

बीजेपी की समीक्षा बैठक में हंगामा

कार्यकर्ताओं ने पर्यवेक्षक महाडिक पर उठाए सवाल

मुंबई/सोलापुर। लोकसभा चुनाव में अपेक्षाकृत परिणाम नहीं आने के बाद बीजेपी में मंथन को दौर शुरू हो गया है। बीजेपी जिन सीटों पर हारी है वहां हार के कारणों का पता लगाने के लिए स्थानीय नेताओं के साथ बैठक कर चिंतन किया जा रहा है। महाराष्ट्र में खराब प्रदर्शन के बाद पार्टी एक-एक सीट को लेकर समीक्षा कर रही है। साथ ही विधानसभा में किस तरह पार्टी के प्रदर्शन को ठीक किया जाए इस पर भी चर्चा कर रही है। सोलापुर जिले की सोलापुर और माढ़ा दोनों लोकसभा सीटों पर बीजेपी की हार के मद्देनजर सोलापुर लोकसभा चुनाव में हार के कारणों का पता लगाने के लिए बुलाई गई पार्टी की चिंतन बैठक में कार्यकर्ताओं ने पार्टी पर्यवेक्षक और राज्यसभा सांसद धनंजय महाडिक पर सवाल उठाए और हंगामा किया। इस कारण बैठक को स्थगित करना पड़ा। शनिवार की दोपहर शांतिसागर मंगल कार्यालय में पार्टी पर्यवेक्षक, सांसद धनंजय उर्फ मुन्ना महाडिक की मौजूदगी में मंथन बैठक बुलाई गई। इस बैठक में पर्यवेक्षक महाडिक पार्टी की हार के कारणों का पता लगाकर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को रिपोर्ट सौंपेनी थी।

पार्टी के तीन विधायक और उम्मीदवार बैठक से नदारद रहे

इस महत्वपूर्व बैठक के बावजूद सोलापुर निर्वाचन क्षेत्र में पार्टी के चार में से तीन विधायक अनुपस्थित रहे। सोलापुर शहर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी को 35 हजार 927 वोटों की बढ़त दिलाने वाले विधायक विजय कुमार देशमुख साथ ही दक्षिण सोलापुर के विधायक सुभाष देशमुख जो 9436 वोटों से पार्टी से पीछे रहे और 45 हजार 420 वोटों से पीछे चल रहे पंढरपुर-मंगलवेधा के विधायक साधन अवताडे ने इस बैठक से मुंह मोड़ लिया। इतना ही नहीं इस बैठक से पार्टी के पराजित उम्मीदवार राम सातपुते भी नदारद रहे। सोलापुर लोकसभा चुनाव में बीजेपी द्वारा बड़े पैमाने पर प्रचार तंत्र उपलब्ध करने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय सड़क विकास और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस आदि की प्रचार सभाओं के बावजूद पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। इस हार के कारणों को जानने के लिए बुलाई गई बैठक में पार्टी पर्यवेक्षक सांसद धनंजय उर्फ मुन्ना महाडिक को भी कार्यकर्ताओं के गुस्से का सामना करना पड़ा।

शुगर फैक्ट्री के इलाके में कांग्रेस की बढ़त को लेकर हुआ हंगामा

सोलापुर लोकसभा क्षेत्र में मोहोल तहसील के टाकली सिकंदर में भीमा सहकारी शुगर फैक्ट्री कई वर्षों से सांसद धनंजय महादिक के नेतृत्व में काम कर रही है। लेकिन उसी फैक्ट्री के उपाध्यक्ष ने अन्य निदेशकों के साथ मिलकर बीजेपी के खिलाफ कांग्रेस की प्रणीति शिंदे का समर्थन किया। प्रणीति शिंदे को सबसे ज्यादा 1 लाख 8562 वोटों की बढ़त मोहोल समेत पंढरपुर, मंगलवेढ़ा इलाके से मिली है, जो भीमा शुगर फैक्ट्री का इलाका है। इस बैठक में पर्यवेक्षक धनंजय महाडिक से इस बारे में सवाल किया गया और हंगामा किया गया। सोलापुर कृषिउत्पादन बाजार समिति के पूर्व निदेशक श्रीमंत बंदगर के साथ विकास वाघमारे, सुदर्शन यादव, यतिराज होनमाने और अन्य कार्यकर्ताओं ने जब जवाब मांगा तो सांसद धनंजय महाडिक परेशान हो गए। अंत में पार्टी जिला अध्यक्ष और अक्कलकोट विधायक सचिन कल्याण शेट्टी ने हस्तक्षेप किया और कार्यकर्ताओं को शांत किया।

पेड़ गिरने से वृद्ध महिला की मौत

दोपहर संवाददाता । विरार

विरार से पिछले दो दिनों से लापता महिला मंजुला झा (70) का शव शुक्रवार सुबह विरार के बोलिंज में मिला। बुधवार को बारिश के कारण इमली का पेड़ गिरने से महिला की मौत हो गयी। वह पेड़ के नीचे दबी हुई थी, इसलिए दो दिन तक किसी को इसकी जानकारी नहीं हुई। मिली जानकारी के अनुसार,मंजुला झा (70) नाम की महिला कुछ दिन पहले विरार पश्चिम के पद्मावती नगर स्थित ऋषभ टावर में अपने बेटे से मिलने गई थीं।सुबह वह अपने पोते को स्कूल छोड़कर मंदिर जाती थी। वह मंदिर में फूल ले जाने के लिए आसपास के क्षेत्र से फूल तोड़ती थी। बुधवार 19 जून को वह हमेशा की तरह अपने पोते को छोड़ने के लिए बाहर गई थी और तब से लापता थी, उनकी तलाश जारी थी। मामले में अर्नाला सागरी पुलिस स्टेशन में उनके लापता होने की शिकायत भी दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने जब इलाके की तलाशी ली तो उन्हें इमली का एक बड़ा पेड़ गिरा हुआ मिला।वहां तलाश करने पर काफी दुर्गंध आई। जब पेड़ हटाया गया तो मंजुला झा का शव मिला। वसई विरार अग्निशमन विभाग के प्रमुख दिलीप पालव ने बताया कि बुधवार की सुबह तूफानी बारिश के कारण पेड़ गिर गया। एनडीआरएफ की मदद से पेड़ हटाने का काम शुरू किया। लेकिन पेड़ की शाखाएं बड़ी होने के कारण महिला नजर नहीं आई।

महाराष्ट्र में पेशवाई लाने के प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: नाना पटोले

मुंबई। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने शनिवार को कहा कि भाजपा आरक्षण के मुद्दे पर मराठा समुदाय और अन्य पिछड़ा वर्ग को धोखा दे रही है। नाना पटोले ने दावा किया कि उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और राज्य भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले के आरक्षण के मुद्दे पर अलग-अलग रुख हैं।

महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि वे आरक्षण मुद्दे पर मराठा और ओबीसी समुदाय को धोखा दे रहे हैं। उन्होंने कहा, 'भारतीय जनता पार्टी आरक्षण के मुद्दे पर मराठा और ओबीसी समुदायों को धोखा दे रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले का कहना है कि 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण को बरकरार नहीं रखा जा सकता। वहीं उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का कहना है कि 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण दिया जा सकता है।

नाना पटोले ने दावा किया कि भाजपा नेताओं के बीच आरक्षण के मुद्दे पर दो अलग-अलग राय हैं। उन्हें अपना वास्तविक रुख स्पष्ट करना चाहिए।' कांग्रेस नेता ने कहा कि पटना उच्च न्यायालय के फैसले से यह स्पष्ट हो गया है कि 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण मान्य नहीं होगा। इसलिए बावनकुले और फडणवीस के अलग-अलग रुख के कारण भाजपा का असली चेहरा उजागर हो गया है।

जातिवार जनगणना शुरू करने की मांग

कांग्रेस नेता ने कहा, 'सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक सर्वेक्षणों के माध्यम से जातिवार जनगणना करना और 50 प्रतिशत की सीमा को हटाना ही आरक्षण मुद्दे का एकमात्र समाधान है।' नाना पटोले ने कहा कि भाजपा केंद्र और महाराष्ट्र में सत्ता में है, इसलिए उसे मराठा, ओबीसी, धनगर, आदिवासी, हलबा और अन्य समूहों की कोटा मांगों के साथ न्याय करने के लिए जातिवार जनगणना शुरू करनी चाहिए।

फुटबॉल मैदान में गिरा इमारत का पत्रा

सात-आठ बच्चे गंभीर रूप से घायल

ठाणे : ठाणे में शुक्रवार देर रात बड़ा हादसा हो गया है। भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण ठाणे में फुटबॉल मैदान पर एक इमारत का बड़ा का पत्रा गिरने से मैदान पर खेल रहे पांच से आठ बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना से हड़कंप मच गया है। घायल बच्चों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया।

यह ठाणे के गवांड बाग इलाके (Gavand Bagh area) में एक फुटबॉल मैदान है। इस इलाके में भारी बारिश हो रही है. हवा भी बहुत चल रही थी। नतीजतन, एक इमारत का बड़ा का पत्रा उड़ गई और नीचे फुटबॉल मैदान पर गिर गई, जिससे मैदान पर खेल रहे सात से आठ बच्चे घायल हो गए।

घायल बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया

तेज बारिश के दौरान अचानक एक बड़ा पत्रा मैदान में गिर गया, जिससे खेल रहे बच्चे घायल हो गये। अचानक हुई घटना से मैदान पर अफरा-तफरी मच गई। मैदान पर मौजूद लोग तुरंत घायल बच्चों को मैदान के किनारे ले गए और उन्हें प्राथमिक उपचार दिया और तुरंत ठाणे के बेथनी अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल उनका इलाज चल रहा है और उनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है. इस घटना से यहां के खिलाड़ियों में डर का माहौल है।

ट्रेनों में बढ़ेंगे जनरल और स्लीपर कोच

मुंबई। केंद्र सरकार मेल और एक्सप्रेस ट्रेन में सामान्य श्रेणी कोच (जनरल कोच) की संख्या बढ़ाने जा रही है। इसके तहत 2500 सामान्य कोच का अतिरिक्त उत्पादन करने का फैसला किया गया है। फैसले से आम जनता को राहत मिलेगी। इससे सामान्य बोगियों में सालाना अतिरिक्त 18 करोड़ से अधिक यात्री सफर कर सकेंगे।

2500 सामान्य श्रेणी के अतिरिक्त कोच उत्पादन का फैसला

रेलवे बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सोशल मीडिया पर स्लीपर व सामान्य श्रेणी कोच में भारी भीड़ के वीडियो वायरल होने से रेलवे की काफी किरकिरी हो रही थी। इसको देखते हुए रेलवे बोर्ड ने मंगलवार की बैठक में 2500 सामान्य श्रेणी के अतिरिक्त कोच उत्पादन का फैसला किया है। कोच रेलवे के प्रति वर्ष कोच उत्पादन प्रोग्राम के अतिरिक्त होंगे। अधिकारी ने बताया कि मेल-एक्सप्रेस व सुपरफास्ट ट्रेन में सामान्य कोच आमतौर पर दो से चार के बीच में होते हैं।

क्या है योजना ?

योजना के मुताबिक जिन ट्रेन में दो कोच हैं, उनमें इनकी संख्या चार की जाएगी। जिन में कोई सामान्य श्रेणी के कोच नहीं हैं, उनमें दो कोच लगाए जाएंगे। इस प्रकार दो कोच के हिसाब से 1250 मेल और एक्सप्रेस ट्रेन में 2500 कोच को लगाए जाएंगे। कोच की डिजाइन 150 से 200 यात्री क्षमता के अनुसार होगी। इससे प्रतिदिन 2500 कोच में पांच लाख अतिरिक्त आम यात्री सफर कर सकेंगे।

मानसिक रूप से अस्वस्थ किशोरी का यौन शोषण

अंबरनाथ। ठाणे जिले के अंबरनाथ में मानसिक रूप से अस्वस्थ 14 वर्षीय लड़की के यौन शोषण के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान हरीश राजू शेंगल (26) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि शेंगल के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और भारतीय दंड संहिता के तहत

आरोपी हुआ गिरफ्तार

यौन उत्पीड़न समेत अन्य आरोपों में मामला दर्ज किया गया है। अंबरनाथ पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया, ''युवक 10 जून को भुवापाड़ा स्थित बालिका के घर के पास उसे एक सुनसान कमरे में ले गया और उसे जबरदस्ती चूमा। बालिका को गलत तरीके से छुआ। पीड़िता की मां की शिकायत पर शेंगल को गिरफ्तार किया गया है।'

देवेंद्र फडणवीस ने कांग्रेस को 'फर्जी खबरों की फैक्ट्री' बताया

मुंबई। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कांग्रेस के इस दावे की आलोचना की कि राज्य सरकार ने जलापूर्ति दरों में 10 गुना बढ़ोतरी की है।

देवेंद्र फडणवीस ने एक्स पर एक पोस्ट में कांग्रेस के दावों का खंडन करते हुए पार्टी को 'फर्जी खबरों और फर्जी नैरेटिव की फैक्ट्री' बताया।"

देवेंद्र फडणवीस ने पूछा, "कांग्रेस यह खबर फैला रही है कि महाराष्ट्र सरकार ने जलापूर्ति दर में 10 गुना वृद्धि कर दी है। लेकिन यह वृद्धि किसने की?"

उन्होंने कहा, "29 मार्च 2022 को महाराष्ट्र जल संसाधन नियामक प्राधिकरण ने एक आदेश जारी किया। उसके अनुसार, दरों में बढ़ोतरी की गई। यह पूरी दर वृद्धि महा विकास अघाड़ी शासन के दौरान हुई और अब वे हम पर आरोप लगा रहे हैं।"

साल 2018 में रन-ऑफ और निजी पंप सिंचाई के लिए दरें अलग-अलग थीं। लेकिन, 2022

में निजी निकासी के लिए अलग-अलग दरों की जगह फ्लो-थ्रू दरें शुरू की गईं। इसलिए इसे 500 रुपये से बढ़ाकर 5 हजार रुपये कर दिया गया।

यह काम पिछली महा विकास अघाड़ी सरकार का है। इसे निलंबित करने का काम अंतिम चरण में है, ताकि किसानों को कोई परेशानी न हो। अगले हफ्ते में कार्यवाही पूरी कर ली जायेगी। डिप्टी सीएम ने आगे कहा, "मैं मीडिया से भी अनुरोध करता हूं कि विधानसभा चुनाव से पहले विपक्ष की ओर से फैलाई जा रही फर्जी खबरों पर लगाम लगाएं।"

कुख्यात नक्सली ने पत्नी के साथ किया आत्मसमर्पण

उप मुख्यमंत्री ने की गढ़चिरौली पुलिस की सराहना

गढ़चिरौली। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में कुख्यात नक्सली नांगसू तुमरेती उर्फ गिरिधर ने उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजदगी में अपनी पत्नी के साथ शनिवार को आत्मसमर्पण किया। उसके नाम पर 170 से अधिक मामल दर्ज हैं। उसके सिर पर 25 लाख रुपये का भी इनाम रखा गया था। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि गिरिधर की पत्नी संगीता उसेंडी उर्फ ललिता पर 17 मामले दर्ज हैं। उसके सिर पर 16 लाख रुपये का इनाम रखा गया था। उन्होंने बताया कि गिरिधर 1996 में एटापल्ली दलम में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) में शामिल हुआ था। वह गढ़चिरौली में संगठन की गतिविधियों का प्रमुख था।

उन्होंने आगे बताया कि गिरिधर के खिलाफ 179 मामले दर्ज हैं। जिनमें से 86 मुठभेड़ और 15 आगजनी के हैं।

उसकी पत्नी संगीता पर 17 मामले दर्ज हैं। उसके सिर पर 16 लाख रुपये का इनाम था। आत्मसमर्पण और पुनर्वास योजना के तहत केंद्र और राज्य सरकार से गिरिधर को 15 लाख रुपये और ललिता को 8.50 लाख रुपये मिलेंगे।

दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

अनमोल विचार जो कुछ भी कल्पना कर सकते हैं, वे असंभव को संभव बना सकते हैं : एलन ट्यूरिंग

पश्चिम रेलवे ने 35 जोड़ी समर स्पेशल के बढ़ाए फेरे

मुंबई। पश्चिम रेलवे ने यात्रियों को बड़ी राहत देते हुए 35 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़ा दिए हैं। इससे लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। रेलवे ने यह कदम यात्रियों को बेहतर और आरामदायक सुविधा देने के लिए उठाया है। पश्चिम रेलवे की तरफ से इन ट्रेनों का संचालन गर्मियों की छुट्टी में किया था, लेकिन अब रेलवे ने इनके संचालन की अवधि को बढ़ा दिया है। रेलवे के चीफ पीआरओ विनीत अभिषेक ने कहा कि रेलवे की कोशिश है कि लोगों को बेहतर सुविधा दी जाए, ताकि वे सुविधापूर्वक आवाजाही कर पाएं। पश्चिम रेलवे ने जिन ट्रेनों स्पेशल ट्रेनों के चलने की अवधिक बढ़ाई है उनमें काफी ट्रेनें ऐसी हैं। जो मुंबई के बांद्रा टर्मिनस से चलती हैं।

यूपी-बिहार के लोगों को होगी सुविधा

पश्चिम रेलवे ने जिन स्पेशल ट्रेनों के चलने की अवधि बढ़ाई है। उनमें काफी सारी ट्रेनें मुंबई और गुजरात से उत्तर प्रदेश और बिहार की ओर जाने वाली है। रेलवे के अनुसार इन ट्रेनों के संचालन से यूपी बिहार से आवाजाही करने वाले लोगों को यात्रा में सुविधा मिलेगी। रेलवे ने कुछ स्पेशल स्पेशल ट्रेनों का संचालन अक्टूबर तक कर दिया है। रेलवे का कहना है कि इन स्पेशल ट्रेनों के टिकट की बुकिंग सभी काउंटर के साथ ऑनलाइन भी हो सकेगी। गर्मियों में जब रेलवे इन ट्रेनों का ऐलान किया था तब विशेष किराया रखा था। रेलवे के अनुसार इन ट्रेनों का किराया वही रहेगा।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव

हम साथ-साथ हैं : संजय राउत



दोपहर संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाडी (एमवीए) ने तैयारी शुरू कर दी है। गठबंधन में शामिल सभी दल 100 सीटों पर चुनाव लड़ने की इच्छा व्यक्त कर रहे हैं। ऐसे में गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर तनाव बढ़ने की संभावना है। इसी बीच उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने शनिवार को एमवीए में सीट शेयरिंग को लेकर बयान दिया है। उनका कहना है कि एमवीए में अभी सीट शेयरिंग को लेकर बातचीत शुरू नहीं हुई है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विपक्षी गठबंधन में सभी समान हितधारक हैं। राउत ने कहा कि एमवीए ने एकजुट होकर लोकसभा चुनाव लड़ा और दुनिया को यह दिखा दिया कि कैसे महाराष्ट्र ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को पूर्ण बहुमत हासिल करने से रोक दिया।

संजय राउत ने क्या कहा ?

संजय राउत ने कहा, "आगामी विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर अभी तक न तो राकांपा (एसपी) और न ही कांग्रेस के साथ बातचीत शुरू हुई है। इसलिए यह सवाल ही नहीं उठता कि कौन कितनी सीट पर चुनाव लड़ेगा। सभी बराबर के हितधारक हैं।" उन्होंने कहा, "महाराष्ट्र में विधानसभा की 288 सीट हैं। किसी के लिए भी सीट की कमी नहीं होगी। सभी आराम से चुनाव लड़ सकते हैं।" संजय राउत की टिप्पणी ऐसे समय में आई जब राकांपा (एसपी) के एक नेता ने पार्टी अध्यक्ष शरद पवार के हवाले से कहा कि लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी ने एमवीए के घटक दलों की तुलना में कम सीट पर चुनाव लड़ा था, लेकिन विधानसभा चुनाव में स्थिति अलग होगी। राउत ने कहा कि लोकसभा चुनाव में राकांपा (एसपी) ने सबसे ज्यादा सीट जीतीं। वह 10 सीट पर चुनाव लड़कर आठ पर विजयी रही। उन्होंने दावा किया कि शिवसेना (यूबीटी) ने 21 में से नौ सीट जीतीं, लेकिन विपक्ष ने सबसे ज्यादा हमारी ही पार्टी को निशाना बनाया। राउत ने कहा कि शिवसेना (यूबीटी) दो-तीन सीट मामूली मतों के अंतर से हारी है।

सीईटी परीक्षा के नतीजे पारदर्शी : सरदेसाई

दोपहर संवाददाता । मुंबई

एमएचटी-सीईटी ने फार्मेसी, इंजीनियरिंग और कृषि से जुड़े पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ली गई प्रवेश परीक्षा के नतीजे को पारदर्शी बताया है। सीईटी सेल के कमीश्नर दिलीप सरदेसाई ने शनिवार को कहा कि व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कंप्यूटर के जरिए केंद्रीकृत पद्धति से परीक्षा कराने वाला महाराष्ट्र पहला राज्य है। केंद्र सरकार ने भी इस तरीके को स्वीकार किया है। यह तरीका पूरी तरह पारदर्शी है और इसमें किसी तरह का मानवीय हस्तक्षेप नहीं होता है। इसलिए अभिभावक और विद्यार्थी अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि सीईटी सेल की परीक्षा में गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटा जाता है। विद्यार्थियों को कोई ग्रेस मार्क भी नहीं दिया जाता है। नतीजा जारी करने से पहले हमने विद्यार्थियों को उनकी उत्तर पुस्तिका लॉग इन पर उपलब्ध कराई थी। विद्यार्थियों की शिकायतों का समाधान भी किया गया। इसके बाद पर्सेंटाइल तैयार किया गया, जो सही और पारदर्शी है। उच्च शिक्षा विभाग के निदेशक डॉ. शैलेंद्र देवलाणकर और तकनीकी शिक्षा विभाग के निदेशक विनोद मोहितकर ने कहा कि नतीजे को लेकर उठाए जा रहे सवालों में कोई तथ्य नहीं हैं।

'पर्सेंटाइल में हो सकता है अंतर'

सरदेसाई ने कहा कि अलग-अलग सत्र में परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों के समान अंक होने पर भी पर्सेंटाइल में अंतर हो सकता है। क्योंकि हर बैच को अलग-अलग प्रश्नपत्र दिए जाते हैं। बैच में सबसे ज्यादा और सबसे कम अंक हासिल करनेवाले विद्यार्थियों के आधार पर पर्सेंटाइल तैयार किया जाता है।

'वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जा सकती है उत्तर पुस्तिका'

नतीजों को लेकर विद्यार्थियों के मन में किसी तरह की आशंका न रहे, इसके लिए सीईटी सेल 27 और 28 जून को विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिका सीईटी सेल की वेबसाइट पर उपलब्ध कराने पर विचार कर रही है।

'अप्रैल-मई में ली गई परीक्षा '

पीसीबी समूह की परीक्षाएं 22 से 30 अप्रैल के बीच 12 सत्रों में जबकि पीसीएम समूह की परीक्षाएं 2 से 16 मई के बीच 18 सत्रों में हुईं थीं। कुल 169 केंद्रों पर 6 लाख 75 हजार 377 विद्यार्थियों ने परीक्षाएं दी थीं।

राज्यपाल से मिले आदित्य ठाकरे, विद्यार्थियों की शिकायतों के समाधान का अनुरोध

शिवसेना (उद्धव) विधायक आदित्य ठाकरे ने सीईटी नतीजों को लेकर चल रहे विवाद के बीच शनिवार को राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात की और मामले की जांच की मांग की। उन्होंने अनुरोध किया कि पर्सेंटाइल के बजाय विद्यार्थियों को मिलने वाले अंक सीधे प्रदर्शित किए जाएं। यह सुझाव भी दिया कि सभी विद्यार्थियों की सीईटी परीक्षा एक साथ ली जाए। ठाकरे ने कहा कि सीईटी सेल ने 30 प्रश्न-पत्र में 54 गलतियां की थीं, जिसके बारे में कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया जा रहा है। आदित्य ने यह भी कहा कि विद्यार्थियों को उत्तर पुस्तिका ऑनलाइन उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

मराठी ना जानने पर वेटर को मारा थप्पड़

शिवसेना नेता संजय निरुपम ने मनसे पर बोला हमला, देवेंद्र फडणवीस से की कार्रवाई की मांग

मुंबई। शिंदे गुट की शिवसेना के नेता संजय निरुपम ने नवी मुंबई के एक रेस्तरां का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है जिसमें एक वेटर पर कुछ लोग केवल इसलिए हमला कर देते हैं क्योंकि उसे मराठी नहीं आती है। लोग उसपर मराठी बोलने का दबाव डालते हैं। संजय निरुपम ने दावा किया कि हमला करने वाले राज ठाकरे की पार्टी मनसे के लोग हैं। निरुपम ने साथ ही तंज कसते हुए कहा कि, "मोदी जी को तीसरी बार पीएम बनाने के लिए बिना शर्त समर्थन देने का मतलब यह नहीं है कि उसे गरीब को मारने का लाइसेंस मिल गया है।"

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

मुंबई में गैर मराठी युवक की पिटाई का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बीजेपी नेता और राज्य के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के पास गृह मंत्रालय है। निरुपम ने फडणवीस से कार्रवाई की मांग की है। लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र नव निर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने पीएम नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए बिना शर्त समर्थन दिया था।

क्या है पूरा मामला?

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पार्टी शिवसेना के नेता संजय निरुपम ने लिखा है कि यह वीडियो नवी मुंबई का है। कल का है। एक महीने पहले एक मज़दूर रोटी की तलाश में यहां आया था। एक रेस्टोरेंट में उसे वेटर की नौकरी मिल गई। मनसे वाले कह रहे हैं कि तुम मराठी बोलो। इतना फ़ास्ट लर्नर होता तो रोज़गार के लिए दर-दर भटकता? महाराष्ट्र में मराठी भाषा सबको बोलनी चाहिए। इस भाषा के सम्मान के प्रति हम सब वचनबद्ध हैं। लेकिन इसके लिए क़ानून हाथ में लेना, गुंडागर्दी करना और किसी गरीब को पीटना यह सब महाराष्ट्र की समृद्ध संस्कृति को कलंकित करता है। निवेदन है कि राज्य के उप मुख्यमंत्री और गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस पूरे मामले का संज्ञान लें और कार्रवाई करें। किसी ने मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए बिना शर्त समर्थन दिया इसका अर्थ यह नहीं है कि उसे गरीब मज़दूरों को सरेआम पीटने का लाइसेंस मिल गया है।

माहिम और गोरेगांव स्टेशनों के बीच हार्बर लाइन पर जम्बो ब्लॉक

मुंबई। रेल पथ, सिगनलिंग प्रणाली तथा ऊपरी उपस्करों के रख-रखाव के लिए पश्चिम रेलवे द्वारा रविवार, 23 जून 2024 को माहिम तथा गोरेगांव स्टेशनों के बीच अप तथा डाउन हार्बर लाइनों पर 11.00 बजे से 16.00 बजे तक 5 घंटे का जम्बो ब्लॉक लिया जाएगा। ब्लॉक अवधि के दौरान मध्य रेल की सभी छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-बांद्रा- छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एवं छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, पनवेल-गोरेगांव-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, पनवेल हार्बर ट्रेन सेवाएं तथा चर्चगेट-गोरेगांव-चर्चगेट के बीच की धीमी सेवाएं निरस्त रहेंगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी संबंधित स्टेशन मास्टरों के पास उपलब्ध है।

'अहमदनगर की सभी 12 सीटें जीतेगी महाविकास आघाडी'

उद्धव ठाकरे से मुलाकात के बाद नीलेश लंके ने किया ऐलान

दोपहर संवाददाता । मुंबई

चुनाव आयोग ने 6 राज्यों की 8 लोकसभा सीटों पर चुनाव में ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत की जांच के आदेश दिए हैं। इनमें हरियाणा की दो सीटें तो छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना की एक-एक सीट शामिल हैं। इसमें महाराष्ट्र की अहमदनगर सीट पर भाजपा के उम्मीदवार ने ईवीएम चेकिंग की मांग की थी। इस बीच अहमदनगर के सांसद नीलेश लंके ने उद्धव ठाकरे से मुलाकात की है। लोकसभा चुनाव में अहमदनगर से भारतीय जनता पार्टी (BJP) के सुजय विखे पाटिल को हराने वाले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के नीलेश लंके ने शनिवार को शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे से मुलाकात की। ठाकरे से उनके आवास पर मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए लंके ने कहा कि उन्होंने ठाकरे को आश्वासन दिया है कि महाविकास आघाडी अहमदनगर जिले की सभी 12 विधानसभा सीटें जीतेगी।

अहमदनगर में होगी ईवीएम की चेकिंग

विदित हो कि अहमदनगर से बीजेपी उम्मीदवार सुजय विखे पाटिल ने 40 ईवीपी के सत्यापन के लिए आवेदन किया था। चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र समेत देश के 6 राज्यों की 8 लोकसभा सीटों पर ईवीएम की चेकिंग करने का आदेश दिया है। ऐसे में यह मुलाकात अहम मानी जा रही है। अपने विरोधी भाजपा के सुजय विखे पाटिल के 40 ईवीएम के सत्यापन के लिए आवेदन करने के फैसले पर लंके ने कहा कि कुछ लोग हार को पचा नहीं पाते।

लंके ने शिवसेना से ही की थी राजनीतिक करियर की शुरूआत

बता दें कि नीलेश लंके ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत अविभाजित शिवसेना से की थी और पहले 'शाखा प्रमुख' और बाद में 'तहसील प्रमुख' बनाए गए। वह बाद में अविभाजित एनसीपी में चले गए और एनसीपी नेता अजित पवार के सहायक बन गए। वह 2019 में पारनेर से विधायक भी चुने गए थे। पिछले साल जुलाई में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में विभाजन के बाद वह अजित पवार के साथ चले गए थे, लेकिन पाला बदलकर शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा (एसपी)में शामिल हो गए। इसके बाद पार्टी ने उन्हें लोकसभा चुनाव में अहमदनगर से मैदान में उतारा, जहां से उन्हें जीत मिली।

बीजेपी को झटके पर झटका

पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री सूर्यकांता पाटिल ने भी छोड़ी पार्टी

मुंबई। गोंदिया के पूर्व विधायक रमेश कुथे के बाद पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री सूर्यकांता पाटिल ने भी बीजेपी को अलविदा कहते हुए प्राथमिक सदस्यता और संयोजक पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि उन्होंने अपने इस्तीफे की वजह नहीं बताई। इस बीच जब महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव सामने हैं तो सूर्यकांता पाटिल ने बीजेपी को बहुत बड़ा झटका दिया है। वहीं नांदेड़ की राजनीति में हलचल मच गई है। ऐसी चर्चा है कि वह शरद पवार की एनसीपी में शामिल होंगी।

2014 में बीजेपी में आईं

सूर्यकांता पाटिल 2014 में कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हुई थीं। उन्हें हदगांव विधानसभा का संयोजक नियुक्त किया गया। उन्होंने बीजेपी के सामने हदगांव सीट से विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जताई थी, लेकिन उन्हें कोई मौका नहीं मिला। इसके अलावा वह पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण और डॉ अजीत गोपचड़े को राज्यसभा में शामिल किए जाने से नाखुश थीं। उन्होंने दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन, अशोक चव्हाण की बीजेपी में एंट्री को लेकर अपनी तीखी राय रखी थी और बीजेपी की जमकर क्लास लगाई थी।

बीजेपी आलाकमान से थीं नाराज

पूर्व मंत्री सूर्यकांता पाटिल न केवल पार्टी की ओर से समय-समय पर निकाले जाने से नाराज थीं, बल्कि यह भी चर्चा थी कि वह किसी अलग पद के लिए इंतजार करेंगी। आखिरकार उन्होंने आज पार्टी को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। उन्होंने अपने इस्तीफे में कहा है कि पिछले दस सालों में पार्टी में रहकर मैंने बहुत कुछ सीखा है। तालुका में बूथ कमेटी तक काम किया। उन्होंने कहा है कि उनके मन में कोई कड़वाहट नहीं है। इस बीच उनके इस्तीफे के बाद राजनीतिक गलियारे में हलचल मच गई है।

किस पार्टी में होंगी शामिल?

सूर्यकांता पाटिल ने घोषणा की थी कि वह केंद्रीय राजनीति से संन्यास ले लेंगी, लेकिन वह अभी भी राजनीति में हैं। पार्टी की ओर से कोई महत्वपूर्ण पद नहीं दिये जाने के कारण वह समय-समय पर शिकायत करती रहती थीं। इस बीच सभी की नजर इस बात पर है कि इस्तीफे के बाद सूर्यकांता पाटिल किस पार्टी में शामिल होंगी? ऐसी भी चर्चा है कि वे कांग्रेस पार्टी में शामिल हो सकती हैं। साथ ही यह भी चर्चा है कि एनसीपी नेता शरद पवार गुट और अजित पवार गुट संपर्क में हैं।

मुंबई-ठाणे और पालघर में होगी भारी बारिश

अगले 4 दिनों तक IMD का अलर्ट

दोपहर संवाददाता । मुंबई

मौसम विभाग ने मुंबई, ठाणे और पालघर जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने संकेत दिया है कि मुंबई समेत कोंकण के दक्षिणी हिस्सों में तूफानी हवाओं के साथ भारी बारिश होगी। इसके साथ ही मराठवाड़ा के कुछ हिस्सों में तूफानी हवाओं के साथ बारिश होने का भी अनुमान है।

सावधानी बरतने की चेतावनी

विभाग के अनुमान की पुष्टि विशेषज्ञों ने भी की है। विशेषज्ञों का कहना है कि आज से अगले 5 दिनों तक दक्षिण कोंकण समेत राज्य में बारिश की तीव्रता धीरे-धीरे बढ़ने की संभावना है। इसके साथ ही मराठवाड़ा के कुछ हिस्सों में तूफानी हवाओं के साथ बारिश होने का भी अनुमान है।

अगले कुछ दिनों तक ऐसा ही रहेगा मौसम

इसके साथ ही विशेषज्ञों ने बारिश के दौरान की स्थिति बताई है। विशेषज्ञों के मुताबिक, पश्चिमी हवाएं फिर से तेज हो गई हैं और पश्चिमी तट पर एक ट्रफ बन गया है। इससे कम दबाव बन गया है। यह भारी से बहुत भारी बारिश के लिए अनुकूल है। जो अगले कुछ दिनों तक ऐसे ही रहेगा।

मुंबई में तेज हवा के साथ बारिश

भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के अगले पांच दिनों के पूर्वानुमान के अनुसार, अगले 24 घंटों में मुंबई, पालघर और ठाणे में हवा की गति 40 से 50 किमी प्रति घंटा होगी। इसके परिणामस्वरूप तेज हवाओं के साथ भारी बारिश की संभावना है।

सिंधुदुर्ग में रविवार को बारिश का रेड अलर्ट

इस बीच शनिवार 22 जून को मौसम विभाग ने महाराष्ट्र के मध्य भागों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया था। सिंधुदुर्ग में रविवार को रेड अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच यह संकेत मिला है कि जिले में बहुत भारी बारिश होगी।

मुंबई में कब तक होगी बारिश?

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, शनिवार को सुबह से ही मुंबई में बादल छाए रहे, जबकि शहर में हल्की बारिश हुई। इसी तर्ज पर मुंबई में भी 26 तारीख तक बारिश जारी रहने का संकेत दिया गया है।

संपादकीय

आदमयुगीन बर्बरता

यह अमानवीय कृत्य तार्किकता से परे है कि बेटियों को निर्ममता से इसलिये मार दिया जाए कि उन्होंने अपनी मर्जी के जीवनसाथी के साथ अपनी नई दुनिया बसाने का फैसला ले लिया है। निस्संदेह, मां-बाप बड़े अरमानों से जिगर के टुकड़े को पालते-पोसते हैं। उनके भविष्य व वैवाहिक जीवन को लेकर उनके भी सपने होते हैं। लेकिन जब 21वीं सदी में उम्मीदों के नये आकाश तलाशती बेटियों के कदम दैहिक आकर्षण व सुकोमल अहसासों के चलते मनमर्जी की दिशा में बढ़ने लगते हैं तो उसके लिये मरने-मिटने वाले परिजन क्रूरता से उसका जीवन खत्म कर देते हैं। निस्संदेह, सदियों पुरानी रूढ़ियों व जातीय ग्रंथियों वाला हमारे समाज का एक तबका पूर्वाग्रहों से मुक्त नहीं हो पा रहा है। उसके परिवारिक निर्णय आज भी समाज में लोकलाज और कथित शान के नजरिये से प्रभावित होते हैं। यह समझ से परे है कि जिस हरियाणा की बेटियां तमाम खेलों में सोने के तमगे बटोरने से लेकर एवरेस्ट की चोटियों की ऊंचाइयां बार-बार नाप रही हैं, उस समाज में बेटियों को लेकर ये दकियानूसी सोच क्यों है? क्यों बहन की रक्षा के लिये राखी बंधवाने वाला भाई आवेश में उसकी जान ले लेता है? वो कितना भयानक मंजर होगा जब बहन भाई को हत्यारे के रूप में आता देखती होगी? निश्चय ही इक्कीसवीं सदी में कथित ऑनर किलिंग की घटनाएं किसी भी सभ्य समाज के मुंह पर तमाचा ही है। देश-दुनिया में ऐसी क्रूरता का कोई अच्छा संदेश नहीं जाता। प्रगतिशील सोच की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से तीन तरफ से जुड़े हरियाणा में सोलहवीं सदी की सोच क्यों जीवित हो रही है यह समाज विज्ञानियों के लिये विचारणीय प्रश्न है। इसके बावजूद जीवन के तमाम क्षेत्रों में हरियाणा ने नये मानक स्थापित किये हैं। लेकिन सिरसा की सरबजीत कौर और कैथल की कोमल रानी की दिल दहला देने वाली हत्याएं हजार सवाल पूछती हैं। भले मां-बाप की दृष्टि में जीवन साथी चुनने में उन्होंने गलती की हो, लेकिन इस पर आदिम युगीन दंड उससे बड़ा अपराध है। बहरहाल, इस घटनाक्रम के आलोक में यह विरोधाभास भी सामने आता है कि जो राज्य अपनी महिला खिलाड़ियों, विशेषकर पहलवानों के लिये दुनियाभर में प्रसिद्ध है, उस समाज में कुछ बेटियों को लैंगिक अन्याय का दंश क्यों झेलना पड़ रहा है। वह भी उस हरियाणा में जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनवरी 2015 में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम की शुरुआत की थी। पूरे देश में इस मुहिम को सकारात्मक प्रतिसाद भी मिला। इस मुहिम का मकसद राज्य में शिशु लिंगानुपात में सुधार करना और नारी सशक्तीकरण को बढ़ावा देना था। निश्चित रूप से पिछले वर्षों में राज्य में जन्म के समय के लिंगानुपात के आंकड़ों में सुधार भी आया। जो हरियाणा लिंगभेद के लिए सवालों के घेरे में था, वहां यह अनुपात नौ सौ का आंकड़ा भी पार कर गया। लेकिन इसके बावजूद सामाजिक परिवर्तन के दीर्घकालीन लक्ष्य पाने में सफलता नहीं मिली, विशेष रूप से ग्रामीण हरियाणा में। दरअसल, राज्य में एक तबके में पितृसत्तात्मक मानसिकता की जड़ें खासी गहरी हैं। जो ग्रामीण समाज में लड़कियों के जीवन पर लगातार नकारात्मक प्रभाव डाल रही हैं। ये वही हरियाणा है जिसके बीबीपुर गांव में नौ साल पहले तत्कालीन सरपंच सुनील जागलान ने 'सेल्फी विद डॉटर' अभियान की शुरुआत की थी। जिसकी शेष देश में ही नहीं विदेशों में भी खासी चर्चा हुई थी। तमाम माता-पिताओं ने बताने का प्रयास किया था कि उन्हें अपनी बेटियों पर गर्व है। निश्चित रूप से ऐसे प्रगतिशील कदम समाज की सोच में बदलाव के लिये उत्प्रेरक की भूमिका निभाते हैं। ऐसी एक नहीं तमाम प्रगतिशील पहलों के लिये प्रयास होने चाहिए। बहरहाल, जिस हरियाणा की बेटियां तमाम वैश्विक स्पर्धाओं में सफलता के नये आयाम स्थापित कर रही हैं, वहां से कोई नकारात्मक संदेश नहीं जाना चाहिए। हालांकि, किसी भी सभ्य समाज में ऑनर किलिंग जैसी अमानवीय प्रवृत्ति को तार्किक नहीं ठहराया जा सकता, लेकिन बेटियों को भी बदलते परिवेश में कई मुद्दों पर गंभीरता से सोचना चाहिए। उन्हें अपने जीवन से जुड़ा निर्णय लेने का पूरा अधिकार है, लेकिन उससे पहले सामाजिक, शैक्षिक व आर्थिक दृष्टि से इतनी मजबूत बनना होगा, ताकि उनके फैसले पर किंतु-परंतु न हो।

शख्सियत | चंडी प्रसाद भट्ट

चिपको आंदोलन में योगदान देने वाले पर्यावरणविद्

23 जून, 1934 को जन्मे चंडी प्रसाद भट्ट एक प्रमुख भारतीय पर्यावरणविद् हैं, जिन्हें चिपको आंदोलन में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए जाना जाता है। उत्तराखंड के गोपेश्वर गांव से आने वाले भट्ट हिमालय के जंगलों और नदियों की खूबसूरती को देखते हुए बड़े हुए, जिसने पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को गहराई से प्रभावित किया।

1970 के दशक में, भट्ट चिपको आंदोलन में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बन गए, जिसका उद्देश्य पेड़ों को काटने से रोकने के लिए उन्हें गले लगाने के अहिंसक दृष्टिकोण को अपनाकर वनों को वनों की कटाई से बचाना था। इस आंदोलन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित किया और स्थानीय समुदायों द्वारा अपने प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के महत्व को उजागर किया।

चिपको आंदोलन से परे भी पर्यावरण के प्रति भट्ट का समर्पण था। उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग पर जोर दिया और समुदाय-आधारित पहलों की वकालत की, जिससे स्थानीय लोगों को जिम्मेदारी से वनों का प्रबंधन करने का अधिकार मिला। उनके काम ने इस विचार को बढ़ावा दिया कि पारिस्थितिक संरक्षण और सामाजिक न्याय आपस में जुड़े हुए हैं, जो अपनी आजीविका के लिए वनों पर निर्भर हाशिए के समुदायों के अधिकारों की वकालत करते हैं।

उनके प्रयासों के सम्मान में, चंडी प्रसाद भट्ट को 1982 में सामुदायिक नेतृत्व के लिए रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिसे अक्सर एशिया का नोबेल पुरस्कार कहा जाता है। यह पुरस्कार उनके जमीनी स्तर पर सक्रियता और वैश्विक स्तर पर पर्यावरण आंदोलनों को प्रेरित करने में उनकी भूमिका का जश्न मनाता है। आज भी, चंडी प्रसाद भट्ट पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लिए आवाज़ उठाते रहते हैं। उनके जीवन का काम इस बात का उदाहरण है कि कैसे आम व्यक्ति जमीनी स्तर के आंदोलनों और पारिस्थितिक सद्भाव की वकालत के माध्यम से असाधारण बदलाव ला सकते हैं।

व्यवस्था की खामियां दूर करने से टलेंगे हादसे

सरबजीत अरजन सिंह

पिछले साल बालासोर, ओडिशा में 3 रेलगाड़ियों की टक्कर हुई, जिसमें 296 यात्रियों की मृत्यु हुई और 1000 से अधिक घायल हुए। इसके पीछे वजह मानवीय चूक बताई गई। उम्मीद थी कि यह हादसा रेलवे को अपनी संचालन और रख-रखाव की प्रणाली की समीक्षा करके सुरक्षा में आगे सुधार लाने का निमित्त बनेगा, विशेषकर मानवीय चूक से होने वाली दुर्घटनाओं की संभावना न्यूनतम करने में, किंतु लगता है यह उम्मीद झूठी निकली। अब 17 जून को पश्चिम बंगाल में नई जलपाईगुड़ी के पास एक जगह ठहरी कंचनजंगा एक्सप्रेस को एक मालगाड़ी ने पीछे से आकर टक्कर मारी, जिसमें 10 लोगों की मौत हुई और 40 जख्मी हुए। इस दुर्घटना का दोष भी मानवीय चूक पर मढ़ दिया गया।

हालांकि, रेलवे सुरक्षा आयुक्त द्वारा की जा रही वैधानिक जांच अभी जारी है, लेकिन सार्वजनिक मंचों पर उपलब्ध जानकारी के आधार पर कुछ बिंदु जोड़कर, जो हुआ होगा, हम उसका अंदाज़ा लगा सकते हैं। अब तक प्राप्त जानकारी के मुताबिक, 17 जून के दिन सुबह 5 बजकर 50 मिनट पर रंगापानी और चैटरहाट स्टेशनों के बीच रेल-खंड में आसमानी बिजली गिरने से स्वचालित सिग्नल प्रणाली ठप्प पड़ गई, इसकी सूचना 6 बजकर 5 मिनट पर सिग्नल विभाग को प्रेषित कर दी गई। अब चूंकि निदान होने में वक्त लगना था तो सामान्य व सहायक नियमों के मुताबिक विभाग को पैदा हुई समस्या की घोषणा तुरंत कर देनी चाहिए थी, इससे होता यह कि कार्यप्रणाली का ढंग स्वचालित ब्लॉक सिग्नल व्यवस्था से बदलकर पूर्णरूपेण मानव-चालित व्यवस्था बन जाता, शायद तब हादसा टल जाता। फिलहाल अभी पता नहीं है कि ऐसा क्यों नहीं किया गया। नतीजतन, यह प्रखंड स्वचालित सिग्नल नियमों के मुताबिक काम करता रहा, जो ड्राइवरों को दोषपूर्ण सिग्नल पारित करने के लिए अधिकृत करता है। चूंकि स्वचालित क्षेत्रीय व्यवस्था लागू थी तो चालक के लिए गाड़ी की गति 15 किमी प्रतिघंटा तक सीमित रखना और प्रत्येक रेड सिग्नल पर 1 मिनट रुकना जरूरी था। कंचनजंगा एक्सप्रेस सहित 6 रेलगाड़ियों ने इस संहिता की पालना की भी, लेकिन कंटेनर ले जा रही मालगाड़ी के चालक ने ऐसा नहीं किया, जिससे दुर्घटना घटी।

यदि मालगाड़ी चालक ने भी उक्त निर्देशों का पालन किया होता तो टक्कर होने से बच जाती। साफ है, मालगाड़ी की रफ्तार 15 किमी प्रतिघंटा से कहीं अधिक थी। लोको ड्राइवरों के प्रवक्ता का कहना है कि 'पेपर लाइन क्लियर' (जिसमें इंजन चालक को अनुमति चिट थमाई जाती है) शायद जरूरी न थी क्योंकि चालक को सावधानी वाली गति बनाए रखते हुए सिग्नल पार करने का अधिकार होता है, चाहे वह खराब हो या न हो, वैसे भी स्वचालित सिग्नल प्रणाली का सारा प्रयोजन रेलगाड़ियों को, जितना संभव हो सके, अधिक से अधिक गाड़ियों को, उचित परस्पर नज़दीकी दूरी कायम रखते हुए चलाना है। उनके अनुसार, पेपर लाइन क्लियर चिट यदि थमाई होती तो इसका सीधा अर्थ है ऐसी परिस्थिति जिसमें चालक के लिए संहिता का पालन करना जरूरी नहीं और वह सामान्य गति से आगे बढ़ सकता है। लगता है, नई सिग्नल व्यवस्था के कार्यकारी-नियमों में यह एक असमंजसपूर्ण त्रुटि है (स्वचालित प्रणाली दो स्टेशनों के बीच एक वक्त में केवल एक ही रेलगाड़ी होने की अनुमति देने वाले कड़े ब्लॉक नियम के विपरीत है)। कर्मियों के विभिन्न स्तरों पर इन नियमों की यथेष्ट समझ न होना भी एक कारक हो सकता है।

मानवीय चूक को वजह बताने वाले हादसों को रोकना इतना मुश्किल क्यों है? रेलवे द्वारा नई तकनीकें अपनाकर मानवीय दखलअंदाज़ी न्यूनतम करने के प्रयासों के बावजूद, मसलन, घरेलू तकनीक पर विकसित 'कवच' नामक रेल सुरक्षा प्रणाली- जो खतरे का सिग्नल पार करने के परिणामवश हुई दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बनाई गई है– अभी भी हादसों की संख्या में मानवीय चूकों की हिस्सेदारी आधी है। यदि उक्त रेल-खंड में कवच व्यवस्था स्थापित की गई होती तो भले ही टक्कर होने से बच जाती लेकिन यह चालक को गलती करने से नहीं रोक पाती। तो आखिर क्या वजह है कि मानवीय चूक को खत्म कर पाना इतना मुश्किल है? वह इसलिए, क्योंकि यह असफलता का मुख्य कारक न होकर, व्यवस्था में गहरे तक समाई खामी का चिन्ह है। यह वह चीज़ है जिसकी स्वीकारोक्ति रेलवे विभाग द्वारा करना बाकी है। यह प्रवृत्ति मानवीय चूक को 'सड़े सेब' के नज़रिए से देखती और मानती है कि चंद गैर-भरोसेमंद की काहिली के सिवाय सुरक्षा व्यवस्था मूलतः चाक-चौबंद है, ऐसों की शिनाख्त कर उन्हें मिसाल के तौर पर पेश किया जाए। जबकि इस किस्म के तत्वों से छुटकारा पाने से समस्या हल नहीं होने वाली क्योंकि यह खामी व्यवस्थागत है।

सुरक्षा का मामला, आखिरकार, मानवीय चूकों से कहीं अधिक व्यापक है। सुरक्षा महज प्रणाली का ठप्प पड़ जाना या उसमें आया विकार न होकर, पैदा हुई जटिलताओं के मुताबिक खुद को निरंतर ढालते जाने का परिणाम है। किसी भी घड़ी, व्यक्तिगत और रेलवे की कार्यकुशलता के प्रदर्शन में वर्तमान स्थितियों के मुताबिक समस्या होना लाजिमी है। इस किस्म की समन्वयता बनाने को जो मुश्किल बनाता है वह है संसाधनों और समय का सीमित होना। अतएव, सुरक्षा बनाए रखना एक स्थाई प्रक्रिया है, और इसकी सफलता संगठन, समूह एवं व्यक्ति की, हादसा होने से पहले, जोखिम के पहलुओं का पूर्वानुमान लगाने की काबिलियत पर निर्भर होती है। सीधी-सी बात है- घटिया सुरक्षा तंत्र और मानवीय चूक यह काबिलियत के न होने की वजह से भी है। सुरक्षा विभाग का मुख्य ध्येय जोखिम का आकलन करना और सुरक्षा सुनिश्चित करने को लोचशील व्यवस्था प्रदान करना है। जब रेलवे आला अधिकारियों ने इस मामले में भी मालगाड़ी चालक को दोषी ठहराने में जरा देर नहीं लगाई, ऐसा उन्होंने रेलवे व्यवस्था में पैठ कर चुकी आदत की वजह से किया है। समय आ गया है कि रेलवे विभाग परंपरागत ढर्रे के सिद्धांत को छोड़ दे। जांच का दायरा और कार्रवाई रेल परिचालन में केवल सीधे तौर पर शामिल लोगों तक सीमित रखने से व्यवस्था की वह खामियां दूर नहीं होंगी, जिनकी वजह से दुर्घटनाएं घटती हैं।

सहज योग

धर्म का कार्य

धर्म की स्थापना के लिए वो जगह बना रहे हैं। आपको मालूम है, मुझे पैसों की बिल्कुल जरूरत नहीं। मैं खुद उसमें रुपया दूंगी। मुझे किसी के भी रुपए की, पैसे की भगवान की कृपा से कोई जरूरत नहीं। लेकिन सबको इसमें मदद करनी चाहिए।

एक रुपया भेज दें तो जगह खरीदने के लिए दो लाख बीस हजार रुपया चाहिए। कोई आसान काम नहीं है। इसलिए जितना बन पड़े उतना दे दें। जगह अपने ही लिए, अपने बच्चों के लिए हो जाएगी और वहां पर मेडिटेशन तो होगा ही लोगों का। क्यूअर भी होंगे, पार भी होंगे लोग। और बहुत बड़ा धर्म का कार्य है। अपने धर्म के लिए हम लोगों ने खर्चा ही नहीं किया है। अपने बारे में ही सोचते रहते हैं। सेल्फ सेंटर्ड। कोई धर्म भी करो। धर्म के बगैर संसार में कुछ अधर्म आ जाएगा। अधर्म आ जाएगा तो तुम्हारे पैसे का भी तुमको सुख नहीं मिलने वाला। तुम्हारे बच्चों का तुमको सुख नहीं मिलने वाला। किसी चीज़ का नहीं। धर्म की स्थापना के लिए वो जगह बना रहे हैं। आपको मालूम है, मुझे पैसों की बिल्कुल जरूरत नहीं। मैं खुद उसमें रुपया दूंगी। मुझे किसी के भी रुपए की, पैसे की भगवान की कृपा से कोई जरूरत नहीं। लेकिन सबको इसमें मदद करनी चाहिए।

बहुत से लोग ऐसे हैं कि माताजी के पास आते हैं, 'माताजी, मेरे बाप को ठीक कर दो, मेरे बहन को ठीक कर दो। मेरे भाई को ठीक कर दो।' पचासों को ठीक करने के लिए आते हैं। लेकिन जब पैसे की बात आती है, तो रफूचक्कर! उस वक्त कोई बात नहीं। ऐसा भी करने से कोई, मैं किसी से नाराज नहीं होने वाली। ये तो अपने-अपने धर्म की बात है। जो देगा वो बड़ा भारी अधिकारी होगा। जिसको धर्म करना है उसका अधिकार है। उसकी समझ है। वो पाने वाला है। मेरे लिए कुछ नहीं चाहिए। आप जानते हैं इस बात को बहुत अच्छे से। आप ही के लिए जगह बनानी है और उसके लिए रुपए इकट्ठा करना पड़ेगा। उस जगह की तारीख भी हो गई है, इसलिए रुपए की जरूरत है। सबको चाहिए ये सोच के कि ये करने से हमें धर्म मिलेगा। धर्म का हम कार्य कर रहे हैं। उसके लिए जिससे जितना बन पड़ेगा वो देना चाहिए। हम हमेशा अपने बाल बच्चों को, रिश्तेदारों को हमेशा देते रहते हैं। लेकिन धर्म में हम क्या दे रहे हैं? वैसे ही एक प्रोग्राम इसके लिए कर रहे हैं, उसके सोविनियर के लिए है। जिसको भी, मदद कर सकते हैं जो लोग वो भी हमसे ले जाएं और वो ले जा के घर में नहीं रखें। उसको बना कर के और उसमें कुछ पैसा दे कर के और ले आएं। ऐसे-ऐसे लोग हैं। देखो बेचारों की कैसी हालत है। उसने पहली मर्तबा, जैसे सुना वैसे ही अपनी गांठ के 101 रुपया ला करके, इस परेशानी में ला कर दे दिया। बहुत बड़े रईसों को देखिए। इतने कंजूस, इतने मक्खीचूस होते हैं। अपने बच्चों के लिए करते हैं, लेकिन धर्म के कार्य के लिए नहीं करते।

जीवन ऊर्जा | एलन ट्यूरिंग : जन्म- 23 जून 1912 | जन्म

मशीने मुझे बड़ी आवृत्ति के साथ आश्चर्यचकित करती हैं

एलन ट्यूरिंग का जन्म 23 जून 1912 मैडा वेले, लंदन इंग्लैंड में हुआ था। एलेन मैथिसन ट्यूरिंग एक अंग्रेजी कंप्यूटर वैज्ञानिक, गणितज्ञ, तर्कज्ञ, क्रिप्टैनालिस्ट, दार्शनिक, और सैद्धांतिक जीवविज्ञानी थे।

वह कंप्यूटर विज्ञान के विकास में अत्यधिक प्रभावशाली थे। ट्यूरिंग को व्यापक रूप से सैद्धांतिक कंप्यूटर विज्ञान और कृत्रिम बुद्धि का जनक माना जाता है। ट्यूरिंग का निधन 7 जून, 1954 को इंग्लैण्ड, यूनाइटेड किंगडम में हुआ था। विश्वसनीय परिणाम हासिल करने के लिए, अंतरिक्ष समय के एक बहुत बड़े हिस्से की जांच की जानी चाहिए। हम उम्मीद कर सकते हैं कि मशीनें अंततः सभी बौद्धिक क्षेत्रों में पुरूषों के साथ प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार होगी। मुझे एक शक्तिशाली मस्तिष्क विकसित करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। जो कुछ भी कल्पना कर सकते हैं, वे असंभव को संभव बना सकते हैं। हम केवल कुछ ही आगे देख सकते हैं, लेकिन हम वहां बहुत कुछ देख सकते हैं जिसे हमें करने की आवश्यकता है। मशीने मुझे बड़ी आवृत्ति के साथ आश्चर्यचकित करती हैं।

एक कंप्यूटर बुद्धिमान कहलाने के योग्य होगा यदि वह मनुष्य को यह धोखा देने में सफल हो जाता है कि वह मनुष्य नहीं है।

गणितीय तर्क को योजनाबद्ध रूप से दो सुविधाओं के संयोजन के अभ्यास के रूप में माना जा सकता है, जिसे हम अंतर्ज्ञान और सरलता कह सकते हैं। डिजिटल कंप्यूटर के पीछे के विचार को यह कहकर समझाया जा सकता है कि इन मशीनों का उद्देश्य किसी भी ऑपरेशन को अंजाम देना है जो मानव कंप्यूटर द्वारा किया जा सकता है। कभी-कभी ऐसे लोग होते हैं जिनकी कोई कल्पना भी नहीं करता ऐसे काम करता है जिसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश

हमारा शरीर ब्रह्मांड का ब्लू प्रिंट है

हमारे यहां वैदिक वांग्मय में किसी भी मंत्र का तीन तरह से अर्थ लिया जाता है, आधिदैविक, आधिभौतिक, आध्यात्मिक। ऋषि मानते हैं कि जो भी ब्रह्मांड में है वह इस पिंड यानी हमारे शरीर में है, यह शरीर ब्रह्मांड का ब्लूप्रिंट है, जिसने इसे डिकोड कर लिया समझो अनंत आकाशगंगाओं से भरे उस विस्तार को भी जान लिया।

यही एक कारण रहा है कि वटवृक्ष के नीचे आंख बंद किए बैठे हजारों लाखों ऋषियों ने अपने शरीर के अंदर झांककर बाहर ब्रह्मांड के रहस्यों को ग्रंथो में खोल दिया है।

छान्दोग्य उपनिषद में एक जगह वर्णन है कि वह जो आदित्य है वह ऐसा है जैसे मधुमक्खी का छत्ता, किरणें उसकी मधुमक्खियां हैं, यह बिल्कुल सुवर्णमय है...

ॐ असौ वा आदित्यो देवमधु 1 तस्य द्योरेव तिरशचिनव शोअन्तरिक्षमपूपो मरीचयः पुत्राः

छान्दोग्य-३-१,

आज कबाड़ में यह अखबार मिला इसमें अमेरिकन लिखते हैं कि जमीन से सूर्य का अध्ध्यन करने की मानव क्षमता की यह सबसे ऊंची छलांग है, सच कह रहे हैं इसमें कोई संदेह नहीं।

लेकिन मुझे दूसरा पक्ष भी साफ दिखाई दे रहा है, खोज तो वे कर रहे हैं इसमें कोई संदेह नहीं है, लेकिन उनके पास हमारे वेद- शास्त्र- ब्राह्मण ग्रंथ- दर्शन- उपनिषद हैं।

और उन्हें इस बात पर पूरा भरोसा है कि इनमें जो लिखा है वह 100% नहीं बल्कि हजार परसेंट सत्य है, इसलिए वे जो भी पढ़ते हैं ठीक उसी दिशा में खोज करते हैं और सफल होते हैं।

बल्कि मुझे तो यह भी लगता है कि हो सकता है खोज करते ही न हों, बस उपनिषद में पढ़ा और अखबार में अपने नाम से निकलवा दिया कि आदित्य मधुमक्खी के छत्ते की तरह है, उनको पता है कि जांच कोई करेगा नहीं, और कल को कोई वैज्ञानिक जांच करे भी तो ऋषियों ने जो लिखा है बिल्कुल वही मिलेगा, क्योंकि भारतीय ज्ञान विज्ञान पर विश्व के ज्यादातर देशों और प्रबुद्ध लोगों को भरोसा है, सिर्फ खुद भारतीयों को छोड़कर।

पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

प्रेरक प्रसंग

अंधे बुजुर्ग की वाणी

एक समय की बात है एक राजा जंगल में भ्रमण के लिए निकले। भ्रमण करते-करते राजा को प्यास लगी, पानी के लिए इधर-उधर नजर दौड़ने के बाद उन्हें एक झोपडी दिखाई दी। जहां एक अंधा बुजुर्ग आदमी बैठा हुआ था और उसके पास ही जल से भरा हुआ एक मटका रखा हुआ था। राजा ने सिपाहियों को आदेश दिया की वे उस व्यक्ति के पास जाएं और एक लोटा जल मांग कर लाएं। सिपाही उस व्यक्ति के पास चले गए और उस व्यक्ति से बोलने लगे-ऐ अंधे एक लोटा पानी दे दे। अंधा व्यक्ति तुरंत अकड़ कर बोला -चल-चल यहां से निकल, तेरे जैसे सिपाहियों से मै नहीं डरता, तुम लोगों को एक बून्द भी पानी नहीं दूंगा मैं। सिपाही निराश होकर लौट आए । उसके बाद राजा ने सेनापति को पानी लाने के लिए भेजा। सेनापति उस व्यक्ति के पास जाकर बोला- ऐ अंधे, पानी दे दे, तुझे बहुत सारे रकम इनाम में मिलेगा। अंधा व्यक्ति फिर अकड़ कर बोला - पहले वाले का यह सरदार मालूम पड़ता है। अंधे व्यक्ति ने गुस्से से कहा चल यहां से निकल, नहीं मिलेगा पानी तुझे। इस तरह सेनापति को भी खाली हाथ वापस लौटना पड़ा। सेनापति को खाली हाथ वापस आता देख राजा स्वय चल पड़े, उस व्यक्ति के पास पानी मांगने। फिर उस वृद्धजन के पास पहुंचकर सबसे पहले उसे नमस्कार किया और कहा-प्यास से गला सुख रहा है बाबा, एक लोटा पानी दे सकें तो आपकी बड़ी कृपा होगी। अंधे बुजुर्ग ने सत्कारपूर्वक उन्हें पास बिठाया और कहा" आप जैसे श्रेष्ट व्यक्ति का राजा जैसे आदर है" एक लोटा जल क्या मेरा सब कुछ आपकी सेवा में हाजिर है, कोई और सेवा हो तो बताइए। राजा ने शीतल जल से अपनी प्यास बुझाई फिर नम्र वाणी से पूछा की आपको तो दिखाई नहीं पड़ रहा फिर आपने जल मांगने आ लोगों को कैसे पहचान लिया। उस अंधे व्यक्ति ने कहा-वाणी से हर व्यक्ति के स्तर का पता चलता है।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

मालशेज घाट की खूबसूरत सैर

मालशेज घाट भारत के महाराष्ट्र के पश्चिमी घाट में स्थित एक खूबसूरत पहाड़ी दर्रा है। यह अपने शानदार परिदृश्य, समृद्ध वनस्पतियों और जीवों तथा सुखद जलवायु के लिए जाना जाता है। यह गंतव्य प्रकृति प्रेमियों, रोमांच के शौकीनों और शहर की भागदौड़ भरी जिंदगी से दूर रहने की चाहत रखने वालों के लिए एकदम सही है।

नीलम रामअवध

यात्रा के लिए सबसे अच्छा समय

मालशेज घाट की यात्रा के लिए सबसे अच्छा समय जुलाई से सितंबर तक मानसून के मौसम के दौरान है। इस अवधि के दौरान, यह क्षेत्र हरा-भरा होता है और झरने अपने सबसे शानदार रूप में होते हैं। हालांकि, मालशेज घाट सर्दियों के महीनों में, अक्टूबर से फरवरी तक, जब मौसम ठंडा और सुहावना होता है, घूमने के लिए भी एक बेहतरीन जगह है।

कैसे पहुंचे

मालशेज घाट सड़क मार्ग से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है और मुंबई और पुणे जैसे प्रमुख शहरों से यहां पहुंचा जा सकता है। यह मुंबई से लगभग 130 किलोमीटर और पुणे से लगभग 120 किलोमीटर दूर है। मालशेज घाट की ड्राइव सुंदर है, जिसमें घुमावदार सड़कें और पहाड़ियों और घाटियों के सुंदर दृश्य हैं।

करने के लिए चीज़ें

झरनों की सैर करें: मालशेज घाट अपने कई झरनों के लिए प्रसिद्ध है, जो मानसून के मौसम में विशेष रूप से सुंदर होते हैं। पहाड़ों से नीचे गिरते पानी का नज़ारा वाकई मंत्रमुग्ध कर देने वाला होता है।

हाइकिंग और ट्रेकिंग: इस क्षेत्र में कई ट्रेकिंग और हाइकिंग ट्रेल्स हैं जो शुरुआती और अनुभवी ट्रेकर्स दोनों के लिए हैं। ये ट्रेल्स क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को देखने का एक शानदार अवसर प्रदान करते हैं।

बर्ड वॉचिंग: मालशेज घाट पक्षी देखने वालों के लिए एक स्वर्ग है। यह पक्षियों की कई प्रजातियों का घर है, जिसमें खूबसूरत गुलाबी राजहंस भी शामिल हैं जो मानसून के मौसम में यहां प्रवास करते हैं।

हरिश्चंद्रगढ़ किले की सैर करें: इतिहास के शौकीनों के लिए, प्राचीन हरिश्चंद्रगढ़ किला जरूर जाना चाहिए। किला अतीत की झलक



दिखाता है और आसपास के क्षेत्र के मनोरम दृश्य प्रदान करता है।

सुंदर दृश्यों का आनंद लें: मालशेज घाट से बस ड्राइव करना ही अपने आप में एक अनुभव है। घाटियों, चट्टानों और पहाड़ों के नज़ारे लुभावने हैं और फ़ोटोग्राफ़ी के लिए एकदम सही हैं।

कहां ठहरें

मालशेज घाट और उसके आस-पास कई ठहरने के विकल्प हैं, जिनमें बजट होटल से लेकर ज्यादा आरामदायक रिसॉर्ट शामिल हैं। महाराष्ट्र पर्यटन विकास निगम द्वारा संचालित MTDC रिसॉर्ट अपने सुविधाजनक स्थान और अच्छी सुविधाओं के लिए एक लोकप्रिय विकल्प है।

खाना-पीना

हालांकि मालशेज घाट में ज़्यादा रेस्टोरेंट नहीं हैं, लेकिन जो कुछ उपलब्ध हैं, वे स्वादिष्ट स्थानीय व्यंजन पेश करते हैं। अपने साथ कुछ स्नैक्स और पानी ले जाना एक अच्छा विचार है, खासकर अगर आप ट्रेकिंग या हाइकिंग की योजना बना रहे हैं। ज़्यादातर रिसॉर्ट और होटल कई तरह के व्यंजनों के साथ खाने के विकल्प भी देते हैं।

यात्रा संबंधी सुझाव

बारिश का सामान साथ रखें: अगर आप मानसून के मौसम में यात्रा कर रहे हैं, तो छाता या रेनकोट साथ रखना न भूलें क्योंकि यहां अक्सर बारिश होती है।

आरामदायक जूते पहनें: चाहे आप हाइकिंग कर रहे हों या सिर्फ़ खोजबीन कर रहे हों, आरामदायक जूते ज़रूरी हैं।

हल्का सामान पैक करें: सिर्फ़ ज़रूरी सामान साथ रखें, खासकर अगर आप ट्रेकिंग की योजना बना रहे हैं। हल्का बैगपैक आपकी यात्रा को और भी मज़ेदार बना देगा।

सुरक्षित रहें: झरनों और चट्टानों के पास खोजबीन करते समय सावधान रहें। मानसून के मौसम में रास्ते फिसलन भरे हो सकते हैं।

प्रकृति का सम्मान करें: मलशेज घाट को साफ और सुंदर बनाए रखने में मदद करें और गंदगी न फैलाएं। हमेशा जिम्मेदार पर्यटन के सिद्धांतों का पालन करें।

सूर्य नमस्कार के लाभ

एक ऐसी सुबह की दिनचर्या की कल्पना करें जो न केवल आपको जगाए बल्कि आपको अधिक मजबूत, अधिक लचीला और शांत भी बनाए। सूर्य नमस्कार, या सूर्य नमस्कारयोग मुद्राओं का एक सरल क्रम है जो ऐसा ही कर सकता है। यह प्राचीन अभ्यास आपके शरीर और मन के लिए एक संपूर्ण कसरत की तरह है, जो आपको ऊर्जावान महसूस करने और दिन का सामना करने के लिए तैयार होने में मदद करता है। चाहे आप युवा हों या बूढ़े, फिट हों या अभी शुरुआत कर रहे हों, सूर्य नमस्कार ऐसे लाभ प्रदान करता है जिनका आनंद हर कोई उठा सकता है।

1. लचीलापन बढ़ाता है

सूर्य नमस्कार में कई तरह की मुद्राएं शामिल हैं जो शरीर की अलग-अलग मांसपेशियों को खींचती हैं। यह समग्र लचीलेपन को बेहतर बनाने, शरीर को अधिक चुस्त बनाने और चोटों के जोखिम को कम करने में मदद करता है।

2. मांसपेशियों और जोड़ों को मजबूत बनाता है

सूर्य नमस्कार में मुद्राएं हाथ, पैर और कोर सहित विभिन्न मांसपेशी समूहों को शामिल करती हैं। यह मांसपेशियों की ताकत बनाने और उन्हें टोन करने में मदद करता है। इसके अतिरिक्त, आंदोलनों से जोड़ भी मजबूत होते हैं, जिससे समग्र स्थिरता और संतुलन बढ़ता है।

3. हृदय स्वास्थ्य को बढ़ाता है

सूर्य नमस्कार करने से हृदय गति बढ़ती है, जिससे एक अच्छा कार्डियोवैस्कुलर वर्कआउट मिलता है। यह रक्त परिसंचरण में सुधार करने, हृदय को स्वस्थ रखने और हृदय संबंधी बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद करता है।

4. वजन घटाने में सहायक

सूर्य नमस्कार कैलोरी बर्न करने का एक बेहतरीन तरीका है। मांसपेशियों की निरंतर गति और जुड़ाव चयापचय को बढ़ावा देने में मदद करता है, जो स्वस्थ आहार के साथ संयुक्त होने पर वजन घटाने में सहायता कर सकता है।

5. पाचन में सुधार करता है

सूर्य नमस्कार में कुछ आसन पेट के अंगों की मालिश करते हैं, जिससे बेहतर पाचन में सहायता मिलती है। नियमित अभ्यास से कब्ज और सूजन जैसी पाचन संबंधी समस्याओं से राहत मिल सकती है।

6. तनाव और चिंता को कम करता है

सूर्य नमस्कार में शारीरिक व्यायाम और गहरी सांस लेने का संयोजन मन को शांत करने में मदद करता है। यह तनाव और चिंता को कम करता है, मानसिक स्पष्टता और भावनात्मक संतुलन को बढ़ावा देता है।

7. ऊर्जा के स्तर को बढ़ाता है

सूर्य नमस्कार का अभ्यास अक्सर सुबह के समय किया जाता है क्योंकि यह शरीर और दिमाग को जगाने में मदद करता है। आसनों का क्रम शरीर को ऊर्जा देता है, जिससे आप पूरे दिन अधिक सक्रिय और सतर्क महसूस करते हैं।

8. मुद्रा में सुधार करता है

सूर्य नमस्कार में विभिन्न आसन रीढ़ को संरेखित करने और मुद्रा में सुधार करने में मदद करते हैं। यह उन लोगों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है जो लंबे समय तक डेस्क पर बैठे रहते हैं या काम करते हैं।

9. फेफड़ों की क्षमता बढ़ाता है

सूर्य नमस्कार में शामिल गहरी सांस लेने से फेफड़ों की क्षमता और श्वसन स्वास्थ्य में सुधार होता है। इससे शरीर में बेहतर ऑक्सीजनेशन और समग्र जीवन शक्ति में सुधार हो सकता है।

10. समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है

सूर्य नमस्कार एक समग्र व्यायाम है जो शरीर और मन दोनों को लाभ पहुंचाता है। यह शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्पष्टता और भावनात्मक स्थिरता में सुधार करके समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है।

चटपटे चाट की मशहूर प्रजातियां

भारतीय चाट एक प्रकार का स्ट्रीट फ़ूड है जो न केवल भारत में बल्कि विदेश में बहुत लोकप्रिय है। यह अलग-अलग स्वाद और बनावट का मिश्रण है, जैसे मीठा, मसालेदार, तीखा और कुरकुरा। यहां पांच प्रसिद्ध प्रकार की भारतीय चाट के बारे में सरल अंग्रेजी में बताया गया है:

1. पानी पूरी

पानी पूरी एक लोकप्रिय चाट है जिसमें छोटी, गोल, खोखली पूरियां (कुरकुरे गोले) होती हैं जो मसालेदार और तीखे पानी, इमली की चटनी, छोले और आलू से भरी होती हैं। आप इसे एक ही बार में खा लेते हैं और यह आपके मुंह में स्वाद से भर जाती है। यह ताज़ा और थोड़ी मसालेदार होती है, जो गर्मी के दिनों के लिए एकदम सही है।

2. भेल पूरी

भेल पूरी एक कुरकुरी और तीखी चाट है जिसे मुरमुरे, सब्ज़ियों और इमली की चटनी से बनाया जाता है। मुख्य सामग्री में मुरमुरे, कटे हुए प्याज, टमाटर, उबले आलू और सेव (छोले के आटे से बने पतले तले हुए नूडल्स) शामिल हैं। इसे इमली और पुदीने की चटनी के साथ मिलाया जाता है, जिससे यह मीठा, तीखा और मसालेदार स्वाद देता है। इसे आमतौर पर ताजा धनिया पत्ती और नींबू के रस के साथ परोसा जाता है।

3. आलू टिक्की

आलू टिक्की एक प्रकार की आलू की पैटी है जो बाहर से कुरकुरी और अंदर से नरम होती है। इसे मसले हुए आलू को मसालों और कभी-कभी मटर के साथ मिलाकर बनाया जाता है, फिर छोटे-छोटे पैटी बनाकर सुनहरा भूरा होने तक तला जाता है। आलू टिक्की को अक्सर चटनी, दही और कभी-कभी छोले की सब्जी के साथ परोसा जाता है। तीखी और मसालेदार चटनी के साथ कुरकुरी पैटी का संयोजन स्वादिष्ट होता है।

4. दही पूरी

दही पूरी पानी पूरी जैसी ही होती है, लेकिन इसमें अलग भरावन होता है। मसालेदार पानी के बजाय, पूरी में दही, उबले आलू, छोले और इमली और पुदीने जैसी कई चटनी भरी जाती हैं। इसके ऊपर सेव, धनिया पत्ती और कभी-कभी अनार के दाने डाले जाते हैं। दही इसे ठंडा, मलाईदार स्वाद देता है जो चटनी के तीखेपन को संतुलित करता है।

5. पापड़ी चाट

पापड़ी चाट कुरकुरी पापड़ी (छोटे गोल वेफर्स) से बनाई जाती है, जिसके ऊपर उबले हुए आलू, छोले और दही डाला जाता है।

इसे इमली और पुदीने की चटनी के साथ परोसा जाता है और सेव और धनिया पत्ती से सजाया जाता है। कुरकुरी पापड़ी और मलाईदार दही और तीखी चटनी का मिश्रण बनावट और स्वाद का एक शानदार मिश्रण बनाता है।

राशिफल

प्रियंका जैन

मेष यात्रा मनोनुकूल रहेगी। कारोबार से संतुष्टि रहेगी। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। प्रयास सफल रहेंगे। बुद्धि का प्रयोग करें। नौकरी में प्रभाव क्षेत्र बढ़ेगा। व्यापार-व्यवसाय में उत्साह से काम कर पाएंगे।

वृष किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठा पाएंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है।

मिथुन आंखों का विशेष ध्यान रखें। चोट व रोग से बचाएं। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। आय बनी रहेगी। नौकरी में कार्यभार रहेगा।

कर्क आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। बनते कामों में बाधा उत्पन्न होगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होने से प्रसन्नता रहेगी।

सिंह आय में निश्चितता रहेगी। शत्रु शांत रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय से लाभ होगा। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप की अधिकता का स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ेगा। थकान व कमजोरी रह सकती है।

कन्या स्थायी संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। मनपसंद रोजगार मिलेगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कर्ज समय पर चुका पाएंगे। बैंक-बैलेंस बढ़ेगा। नौकरी में चैन रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं।

तुला वाणी में शब्दों का प्रयोग सोच-समझकर करें। प्रतिद्वंद्विता में कमी होगी। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। व्यापार में वृद्धि होगी। स्त्री वर्ग से समयानुकूल सहायता प्राप्त होगी।

वृश्चिक वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर गृहिणियां लापरवाही न करें। आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं।

धनु धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। कारोबार में वृद्धि होगी।

मकर बिगड़े काम बनेंगे। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। कोई पुराना रोग बाधा का कारण हो सकता है। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। विरोध होगा।

कुंभ व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। रोजगार मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट मनोनुकूल लाभ देगा। बुद्धि का प्रयोग करें। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण बनेगा।

मीन जल्दबाजी व लापरवाही से हानि होगी। राजकीय कोप भुगतना पड़ सकता है। विवाद न करें। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। बिछड़े मित्र व संबंधी मिलेंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

बिना जन्म कुंडली के जानिए शुक्र ग्रह का जीवन पर प्रभाव

दोस्तों हमारे बीच बहुत सारे ऐसे लोग होते हैं जो ज्योतिष के माध्यम से अपने जीवन से जुड़ी समस्या और उनके समाधान के बारे में जानना चाह रहे होते हैं, लेकिन उनके पास जन्म समय सही ना होने के कारण जन्म कुंडली ना बन पाने की वजह से अपने जीवन पर ग्रहों के शुभ अशुभ प्रभाव और उनके समाधान के बारे में नहीं जान पाते। लेकिन जानकारी के लिए बता दें कि अगर आपके पास जन्म कुंडली नहीं भी है तो भी आपके जीवन या घर परिवार पर आने वाले प्रभाव के माध्यम से यह बताया जा सकता है कि कौन सा ग्रह आपके जीवन में समस्या दे रहा है, और अशुभता को कैसे दूर किया जा सकता है। इसी विषय पर चर्चा करते हुए आज की पोस्ट में हम शुक्र ग्रह के जीवन में प्रभाव और उपाये आपको बताएंगे।

दृष्टिकोण और भोग विलास का कारक :

शुक्र ग्रह हमारे जीवन में किसी रिश्ते या विषय वस्तु से संबंधित दृष्टिकोण

का कारक है, जिस तरह एक सामान्य पुरूष से लिये एक स्त्री उसकी अच्छी मित्र, प्रेमिका या जीवनसाथी हो सकती है।वहीं काम वृत्ति में लिप्त पुरूष को वही स्त्री भोग विलास की वस्तु की तरह दिखाई पड़ती है। यह दृष्टिकोण का जो अंतर है यही शुभ और अशुभ शुक्र की जीवन के लिए परिभाषा है। जब किसी के जीवन पर शुक्र अशुभ होकर प्रभावी हो तो उसके दृष्टिकोण में भोग विलास के विषय वस्तुओं के संग्रह के प्रति सभी सीमाएं टूट जाती हैं, और वह धन की प्राप्ति के लिए मित्र और रिश्तेदारों को भी धोखा देने लगता है, नमकीन और चटपटे भोजन में रुचि बढ़ जाती है, और कुछ ही वर्षों में वह कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से घिर जाता है। इसी तरह यदि शुक्र कमज़ोर भी है और अशुभ भी, तो ऐसे व्यक्ति में भौतिक सुख प्राप्ति की इच्छा तो होती है लेकिन उनकी प्राप्ति में समस्या आती है, धातु के रोग ऐसे व्यक्ति को परेशान करते हैं।

प्रियंका जैन
9769994439

घर में शुक्र की अशुभता के लक्षण : शुक्र की अशुभता के निम्न प्रभाव परिवार में आते हैं

घर में सुंदरता और सुगंधित वातावरण का अभाव होता है।

कांच की वस्तुएं जैसे कि शीशे, खिड़कियां साफ नहीं रहते।

किसी भी शुभ कार्य, खुशी के माहौल के समय झगड़े , मनमुटाव होते हैं। ऐसे घर के सदस्यों के वस्त्र खराब होते रहते हैं। घर की महिलाएं सुखी नहीं होतीं, धन की बर्बादी होती है।

परिवार के सदस्य ही अपने निजी सुख साधनों को लेकर एक दूसरे के शत्रु बने होते हैं।

ऐसे पति पत्नी में दोस्ताना संबंध नहीं होता।

शुक्र से शुभता प्राप्ति के उपाये : शुक्र के अशुभ प्रभाव दूर करने के लिए निम्न उपाये करें

जब भी घर में कोई खुशी का अवसर हो तो मीठे के साथ नमकीन का भी दान करें।

घर के दक्षिण पूर्व दिशा में पूरे परिवार का चित्र लाल रंग के फ्रेम में शुक्रवार के दिन लगाएं।

घर में कांच की वस्तुओं (शीशे, खिड़कियां) की नियमित सफाई करें।

शुक्रवार के दिन पति पत्नी एक साथ बाहर ढाबे / रेस्टोरेंट पर भोजन करें।

काले और नीले रंग से हर तरह से परहेज़ करें, हल्के रंगों का उपयोग करें।

शरीर की सफाई रखें, धुले हुए वस्त्र धारण करें , कभी कभी दहीं भी शरीर पर लगाएं।

शुक्रवार के दिन ही एक परफ्यूम खरीदें जिसका इस्तेमाल घर के सभी सदस्य करें।

खबर संक्षेप

अयोध्या राम मंदिर अनुष्ठान के मुख्य आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित का निधन

अयोध्या। अयोध्या राम मंदिर में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा करने वाले मुख्य आचार्य पंडित लक्ष्मीकांत दीक्षित का शनिवार को निधन हो गया। वह कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। शनिवार को प्रातः सात बजे उन्होंने मंगलागौरी मोहल्ला स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली।

यूपी के कर्मचारियों को मिलेगा 5 महीने का रियर

लखनऊ। यूपी सरकार ने छठवें वेतनमान वाले राज्य कर्मचारियों का डीए बढ़ा दिया है। एक जनवरी 2024 से बढ़े दर से डीए मिलेगा। सरकार ने एक जनवरी 2024 से 31 मई 2024 तक के डीए एरियर के भुगतान के लिए भी आदेश जारी किया है। शासनादेश के मुताबिक एक जून से बढ़े दर से महंगाई भत्ते का भुगतान नकद किया जाएगा।

आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल की जमानत पर जवाब देने के लिए ईडी ने मांगा समय

रांची : टेंडर कमीशन घोटाला मामले में शनिवार को पीएमएल कोर्ट में आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। ये सुनवाई विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में हुई। संजीव लाल के वकील ने अपने मुवक्किल का पक्ष रखते हुए उसे जमानत देने की गुहार लगायी। इस मामले में ईडी के वकील ने अपना जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। जिसे पीएमएलए ने स्वीकार करते हुए उसे समय दे दिया है। प्रर्वतन निदेशालय को अब 29 जून से पूर्व अपना जवाब दाखिल करना है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 29 जून को होगी।

खूंटी की कारो नदी में नहाने के दौरान डूबने से दो छात्राओं की मौत

तोरपा (खूंटी): खूंटी जिले के रनिया थाना क्षेत्र के कोयनारा जराकेल गांव के पास शनिवार को कारो नदी में डूबने से दो छात्राओं की मौत हो गयी। इससे शादी की खुशियां गम में बदल गयीं। मृतकों में मुरहू थाना क्षेत्र के दारला जामटोली निवासी जीवन तिड़ू की पुत्री असरिता तिरु(14 वर्ष) एवं रनिया थाना क्षेत्र के जराकेल गांव की जेम्स कोनगाड़ी की बेटी जेनल रानी कोनगाड़ी (24 वर्ष) शामिल हैं। असरिता खूंटी के एसडीए स्कूल में नौवीं कक्षा की छात्रा थी, जबकि जेनल बीएड की पढ़ाई कर रही थी।

ईओयू की टीम जांच करने पहुंची रांची

एजेंसी । रांची

नीट पेपर लीक के मास्टरमाइंड सिकंदर यादवेंदु के तार झारखंड की राजधानी रांची से भी जुड़े हैं। बिहार ईओयू की टीम मामले की जांच करने रांची पहुंची। बरियातू में सिकंदर यादवेंदु का घर है। हरमू में उसके बेटे की दुकान है। वह लालू प्रसाद का करीबी है। चारा घोटाले में जब लालू प्रसाद रांची जेल में थे, तब सिकंदर यादवेंदु उनसे मुलाकात किया करता था।

लालू प्रसाद का करीबी है सिकंदर यादवेंदु

नीट पेपर लीक केस के तार झारखंड से भी जुड़े हैं। इस केस के मास्टरमाइंड सिकंदर यादवेंदु का रांची के बरियातू में अपना घर है। इतना ही नहीं, हरमू इलाके में उसके बेटे की दुकान भी है। लोग कहते हैं कि जब चारा घोटाले में बिहार के पूर्व सीएम व राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव रांची जेल में थे, तब सिकंदर यादवेंदु उनसे लगातार मिलता-जुलता था।

नीट पेपर लीक मामले में देवघर से छह हिरासत में

बिहार ईओयू (आर्थिक अपराध इकाई) की टीम ने देवघर में छह लोगों को हिरासत में लिया। सभी आरोपी बिहार के नालंदा जिले के रहनेवाले बताए जा रहे हैं। देवघर एम्स के समीप देवीपुर थाना क्षेत्र में किराए में कमरा लेकर छिपे हुए थे। मजदूर के रूप में वे वहां रहे थे।

रेंट एग्रीमेंट स्टाम्प शुल्क होगा कम, प्रक्रिया भी होगी सरल

किराएदारों को लेकर सीएम योगी ने दी बड़ी राहत

एजेंसी । लखनऊ

किराएदारों को राहत देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्टांप और रजिस्ट्रेशन की ऑनलाइन व्यवस्था पर जोर देते हुए कहा कि इसका मसौदा बना कर जल्द निर्णय करवाया जाए। आवासीय, अनावासीय और व्यावसायिक संपत्ति के रेंट एग्रीमेंट के स्टाम्प रजिस्ट्रेशन शुल्क को कम करने के भी निर्देश दिये। इसके लिए एग्रीमेंट की प्रक्रिया को सरल किया जाए। मुख्यमंत्री ने शनिवार को स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के अधिकारियों के साथ अहम बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन रूल्स 2024 के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि ईज ऑफ लिविंग, बेहतर रिकॉर्ड और डाटा मैनेजमेंट के लिए स्टाम्प और रजिस्ट्रेशन की ऑनलाइन व्यवस्था आज की आवश्यक्ता है।

पंजीकरण के लिए रजिस्ट्री कार्यालय आना असुविधा जनक

वर्तमान परिदृश्य में पंजीकरण के लिए रजिस्ट्री कार्यालय में उपस्थिति अनिवार्य है। यह प्रदेश के नागरिकों के लिए असुविधाजनक तो है ही, साथ ही समय लेने वाली प्रक्रिया है। ई-रजिस्ट्रेशन से नागरिकों को काफी राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रानिक रिकॉर्ड सुरक्षित होने के साथ ही इन्हें सत्यापित करना भी आसान है।

यूपी पुलिस ने नाइजीरियन ठग को किया गिरफ्तार

एजेंसी । फर्रुखाबाद

यूपी की फर्रुखाबाद पुलिस ने लाखों रुपये की साइबर ठगी करने वाले नाइजीरियन ठग को दबोचा। है। आरोप है कि उसने डॉक्टर बनकर एक दंपति से लाखों रुपये ठग लिए थे। पुलिस ने शनिवार को दिल्ली से गिरफ्तार कर लाए गए नाइजीरियन ठग को जेल भेज दिया।



दवाई भेजने के नाम पर डॉक्टर दंपति से की थी लाखों की ठगी

यह जानकारी पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने देते हुए बताया कि फर्रुखाबाद शहर कोतवाली के मोहल्ला 2/98वी साधवाड़ा स्ट्रीट लोहाई रोड निवासी डॉ अमित शुक्ला (डायरेक्टर अशोक हॉस्पिटल) की पत्नी डॉक्टर शिवानी ने अपने बेटे अर्वन शुक्ला की आंखों के इलाज के लिए फेसबुक के एक विज्ञापन के माध्यम से लंदन के डॉक्टर एलेक्स जे विल से मोबाइल पर दवाई उपलब्ध कराने की बातचीत की थी। एसपी ने बताया कि लंदन के डॉक्टर एलेक्स जे बिल ने धोखाधड़ी करके दवाई भेजने के नाम पर डॉ अमित शुक्ला की पत्नी डॉक्टर शिवानी से अलग-अलग मोबाइल नंबरों पर 3 लाख 19 हजार रुपए मंगवा लिए और दवाइयां नहीं भेजी। साइबर ठगी का पता चलने पर डॉ. अमित शुक्ला की तहरीर पर फतेहगढ़ थाना साइबर क्राइम पर मुकदमा धारा 420 और 66डी आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया।

सदर अस्पताल में टीबी व हेपेटाइटिस से चार मरीजों की मौत

एजेंसी । मुंगेर

सरकार द्वारा 2025 तक जहां पूरे देश को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है, वहीं 2030 तक देश को हेपेटाइटिस मुक्त बनाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है। इसके लिए केंद्र व राज्य सरकारें न केवल करोड़ों रुपये खर्च कर रही हैं, बल्कि लगातार समीक्षा व स्वास्थ्य योजनाओं के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पर, मुंगेर में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण इन योजनाओं को ग्रहण लगता जा रहा है। हाल यह है कि मुंगेर में टीबी व हेपेटाइटिस मुक्त स्वास्थ्य योजनाएं केवल फाइलों में ही सिमट कर रह गयी हैं। इसके कारण केवल जून माह में ही मुंगेर सदर अस्पताल में टीबी व हेपेटाइटिस के चार मरीजों की मौत हो चुकी है, जबकि दोनों बीमारियों के आठ से अधिक मरीज भर्ती हुए हैं।

फाइलों में ही सिमटीं कई स्वास्थ्य योजनाएं

सदर अस्पताल में जून माह के 22 दिनों में ही टीबी व हेपेटाइटिस से कुल चार मरीजों की मौत हो चुकी है। बता दें कि सदर अस्पताल में जहां 15 जून को टीबी से दो मरीजों की मौत हो गयी, वहीं 15 से 16 जून के बीच हेपेटाइटिस से दो मरीजों की मौत हो चुकी है। इसमें एक मरीज मुंगेर मंडल कारा का कैदी था। बता दें कि 15 जून को जहां हेपेटाइटिस से हवेली खड़गपुर के एक मरीज की मौत सदर अस्पताल में हो गयी थी, वहीं 16 जून को सदर अस्पताल में मंडल कारा के एक कैदी की मौत इलाज के दौरान हो गयी थी। मुंगेर में टीबी की बीमारी को लेकर स्वास्थ्य विभाग के जागरूकता व इलाज का हाल यह है कि केवल जिला मुख्यालय में बने सदर अस्पताल में जनवरी से अप्रैल के बीच जहां 22 टीबी के मरीज इलाज के लिए भर्ती हुये, वहीं हेपेटाइटिस के आठ मरीज इलाज के लिए भर्ती हुए हैं। जनवरी माह में जहां टीबी के चार मरीज भर्ती हुए, वहीं फरवरी में सर्वाधिक 12 टीबी के मरीज भर्ती हुए। मार्च व अप्रैल माह में 4-4 टीबी के मरीज सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती हुए। मई माह में टीबी के छह मरीज भर्ती हुए।

अमेठी में सब इंस्पेक्टर समेत 3 सस्पेंड

एसपी के एक्शन ने पुलिस महकमे में हड़कंप

एजेंसी । अमेठी

यूपी के अमेठी में पुलिस अधीक्षक ने जिले के इन्हौना थाने में तैनात दो पुलिस उपनिरीक्षक और एक मुख्य आरक्षी को सस्पेंड कर दिया है। तीनों पर रिश्वत मांगने और कर्तव्यों में लापरवाही बरतने का आरोप है। विभाग के आला अधिकारियो ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने इन्हौना थाने में तैनात उपनिरीक्षक वीरेंद्र राय व अमर चंद शुक्ला तथा मुख्य आरक्षी जनार्दन सिंह को निलंबित कर प्रकरण की जांच मुसाफिरखाना के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) को सौंपी है। इन्हौना थाना क्षेत्र के शेखन गांव निवासी मारूफ अहमद को मछली पालन के लिए तालाब पट्टे पर आवंटित किया गया है, जिसमें वह कुद कार्य करवा रहे थे। आरोप है कि शुक्ला, राय और सिंह ने मारूफ से पहले रिश्वत की मांग

की और रिश्वत न मिलने पर उनके साथ मारपीट की और चार हजार रुपये भी छीने। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से की थी और सोशल मीडिया पर भी इसे साझा किया था। प्रथम दृष्टया जांच में दोषी पाये जाने पर पुलिस अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से तीनों आरोपी पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। फतेहपुर में रिटायर संग्रह अमीन खुदकुशी कांड में शुक्रवार को पहली कार्रवाई हुई। प्रारंभिक जांच में दोषी पाए गए चकबंदी कानूनगो और लेखपाल को एसडीएम ने निलंबित कर दिया। दोनों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई है। कई अन्य के खिलाफ भी कार्रवाई की तैयारी है। आत्महत्या से पहले किसान के दो वीडियो सामने आने से अफसरों में हडकंप मचा है।

व्यापार जगत

26 जून से लागू होगा नया दूरसंचार अधिनियम

एजेंसी । नई दिल्ली

26 जून से प्रभावी होने वाले टेलीकम्युनिकेशन एक्ट 2023 के लागू होने जा रही है।जिसके बाद से आपातकालीन स्थिति में केंद्र सरकार किसी भी दूरसंचार सेवा या नेटवर्क का नियंत्रण अपने हाथ में ले सकेगी। सरकार ने शुक्रवार से आंशिक रुप से अधिनियम को अधिसूचित किया है।इस अधिनियम के तहत 26 जून से धारा 1,2,10 और 30 समेत कुछ प्रावधान लागू कर दिए जाएंगे। इस अधिसूचना के अनुसार 26 जून 2024 से अधिनियम की धारा 1, 2, 10 से 30 ,42 से 44,47,50,58,61 और 62 के प्रावधान भी लागू हो जाएंगे। जिससे सरकार सार्वजनिक व्यवस्था सरकार सुरक्षा अपराधियों की रोकथाम के आधार पर दूरसंचार सेवाओं का नियंत्रण अपने हाथ में ले पाएगी।

दूरसंचार अधिनियम 2023 की धारा 20



- 26 जून से लागू होने वाले दूरसंचार अधिनियम 2023 की धारा 20 के तहत सरकार को आपात स्थिति में दूरसंचार सेवाओं पर नियंत्रण रखने का अधिकार मिल जाता है।
- इस अधिनियम का उद्देश्य सार्वजनिक सुरक्षा को सुनिश्चित करना और आपदा प्रबंधन में सहायता करना है।
- सरकार इस धारा के अधिकृत संस्थाओं से दूरसंचार सेवाओं और नेटवर्क को अस्थायी रूप से अपने नियंत्रण में ले सकती है।
- यह प्राथमिकता के अनुसार आपातकालीन स्थिति में सेवा के लिए संचार सुनिश्चित कर सकता है।
- यह धारा सरकार को यह सुनिश्चित करने में मदद करेगी की आपात स्थिति में महत्वपूर्ण संचार सेवाएं सुचारू रूप से कार्य कर सके।

दिल्ली-NCR समेत कई शहरों में बढ़े CNG के दाम

एजेंसी । नई दिल्ली

सरकार ने 22 जून से दिल्ली-NCR क्षेत्र में कम्प्रेस्ड नैचुरल गैस (CNG) की कीमत में एक रुपये की बढ़ोतरी कर दी है। नई दिल्ली में अब CNG 74.09 रुपये के मुकाबले 75.09 रुपये/किलोग्राम में उपलब्ध होगी। साथ ही नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद के लिए गैस की दरें 78.70 रुपये से बढ़कर 79.70 रुपये/किलोग्राम हो गई है। दिल्ली समेत उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के कई शहरों में भी गैस की कीमत में तेजी देखी जा रही है।

इन शहरों में भी बदली कीमत

अन्य शहरों में CNG की कीमतों में बदलाव देखें तो हरियाणा के रेवाड़ी में कीमत 78.70 रुपये से बढ़कर 79.70 रुपये प्रति किलो हो गई है। उत्तर प्रदेश के मेरठ, मुजफ्फरनगर और शामली के साथ राजस्थान के अजमेर, पाली और राजसमंद में नई कीमतें क्रमशः 80.08 रुपये प्रति किलोग्राम और 82.94 रुपये प्रति किलोग्राम हैं। लखनऊ, उन्नाव, आगरा और अयोध्या जैसे शहरों में कीमतें पहले ही बढ़ा दी गई थीं, जबकि गुरूग्राम, करनाल और कैथल में बदलाव नहीं हुआ है।

मार्च में घटे थे CNG के दाम

सरकार ने इसी साल मार्च में CNG के दाम कम किए थे। उस समय CNG गैस के दाम में करीब 2.5 रुपये की कटौती गई। इसके बाद दिल्ली-NCR, उत्तर प्रदेश, और हरियाणा में CNG के रेट घटे थे। इससे CNG से वाहन चालकों को राहत मिली। माना जा रहा था कि लोकसभा चुनाव के चलते दामों में कटौती हुई थी और अब चुनाव खत्म होते ही फिर से दाम बढ़ाकर जनता पर महंगाई का बोझ डाल दिया है।

जीआरएसई जर्मनी की शिपिंग कंपनी के लिए चार बहुउद्देश्यीय मालवाहक जहाज बनाएगी

एजेंसी । कोलकाता

सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उद्यम गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड ने शनिवार को जर्मनी स्थित शिपिंग कंपनी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। एक अधिकारी ने बताया कि यह समझौता चार बहुउद्देश्यीय मालवाहक जहाजों के निर्माण और आपूर्ति के लिए है। जीआरएसई ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बीएसई को बताया कि यह ठेका लगभग 5 ।4 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है और इसे 33 महीनों में पूरा करना है। जीआरएसई के एक अधिकारी ने एक बयान में कहा कि जीआरएसई ने चार बहुउद्देश्यीय जहाजों के निर्माण और आपूर्ति के लिए जर्मनी की शिपिंग कंपनी कार्स्टन रेहडर शिफ्समैकलर अंड रीडरेई जीएमबीएच एंड कंपनी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते में निकट भविष्य में चार और जहाज बनाने का विकल्प भी है।

प्रेस्टीज एस्टेट्स की क्यूआईपी के जरिए 5,000 करोड़ रुपए जुटाने की योजना

एजेंसी । नई दिल्ली

रियल एस्टेट कंपनी प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने संस्थागत निवेशकों को शेयर बेचकर 5,000 करोड़ रुपये तक जुटाने और अपने होटल कारोबार के मौद्रिकरण की योजना बनाई है। प्रेस्टीज एस्टेट्स ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसके "निदेशक मंडल ने 'योग्य संस्थागत नियोजन' (क्यूआईपी) या अन्य स्वीकार्य तरीके से अधिकतम 5,000 करोड़ रुपये की कुल राशि के लिए इक्विटी शेयर या अन्य पात्र प्रतिभूतियों को जारी करके धन जुटाने" को मंजूरी दी।

भारतीय डीपटेक स्टार्टअप की संख्या 2023 में बढ़ी

- वित्तपोषण में 77 प्रतिशत गिरावट: नैसकॉम

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत में 2023 में 'डीपटेक' स्टार्टअप में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। एक रिपोर्ट के अनुसार, इनमें 480 नए उद्यम उभरे, जिससे यह विश्वस्तर पर तीसरा सबसे बड़ा पूल बन गया है। हालांकि, प्रौद्योगिकी उद्योग निकाय नैसकॉम और वैश्विक परामर्श कंपनी जिनोव की रिपोर्ट ने वित्तपोषण में गिरावट की चिंताजनक

प्रवृत्ति को उजागर किया है, जो इन स्टार्टअप के लिए एक बड़ी चुनौती है। रिपोर्ट में कहा गया, "भारत में वर्तमान में 3,600 से अधिक डीपटेक स्टार्टअप हैं, जिनमें से 480 पिछले साल ही स्थापित किए गए। यह संख्या 2022 में स्थापित डीपटेक स्टार्टअप की संख्या से लगभग दोगुना अधिक है।" हालांकि, भारत की डीपटेक संभावनाएं वित्तपोषण की कमी के कारण अवरुद्ध हैं।

केरल में रबर उत्पादक अन्य गतिविधियों की ओर रुख कर रहे: निवर्तमान बोर्ड प्रमुख

एजेंसी । कोट्टयम

केरल में रबर उत्पादक राज्य में हो रहे बुनियादी ढांचे के विकास के कारण आमदनी के दूसरे साधनों की ओर रुख कर रहे हैं। रबर बोर्ड के निवर्तमान चेयरमैन सवार धनानिया ने शनिवार को यह बात कही। धनानिया ने चेयरमैन के रूप में अपना पांच साल का कार्यकाल समाप्त होने पर मीडिया से मुलाकात की। धनानिया ने संवाददाताओं से कहा कि यदि किसान रबर उत्पादन से जुड़े रहेंगे तो एक दशक के भीतर देश अपनी मांग से अधिक रबर का

उत्पादन करेगा।

उन्होंने कहा, "केरल में रबर की खेती 75 साल पहले शुरू हुई थी, और तीन पीढ़ियों से इसकी खेती की जा रही है, इसलिए इसमें अपार संभावनाएं हैं। हालांकि, बुनियादी ढांचे के अधिक विकास के कारण, राज्य के उत्पादक बेहतर कमाई के अवसरों के लिए अन्य गतिविधियों की ओर रुख कर रहे हैं।"

इंग्लैंड के लिए अमेरिका पर बड़ी जीत जरूरी

नंबर गेम

- 158 रन इंग्लैंड के फिल साल्ट ने छह मैचों में बनाए हैं
- 09 विकेट इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर छह मैच में ले चुके हैं

एजेंसी । किंग्सटाउन

गत चैंपियन इंग्लैंड को विश्व कप में अगर अपनी उम्मीदें कायम रखनी हैं तो उसे अमेरिका के खिलाफ रविवार को सुपर आठ ग्रुप 2 के अपने अंतिम मैच में बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। हालांकि अमेरिका पहले दोनों मैच हार बाहर हो चुका है। दोनों टीमें पहली बार टी-20 में आमने-सामने होंगी।

अंग्रेज बल्लेबाजों पर दारोमदार

इंग्लैंड को अगर अपना नेट रन रेट सुधारना है तो उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। उसके बल्लेबाजों ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वह इसे नहीं दोहरा पाए। फिल साल्ट शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने पिछले 10 मैचों में दो शतक और एक अर्धशतक लगाया है लेकिन पिछले मैच में उनके जल्दी आउट होने से इंग्लैंड को धमाकेदार शुरुआत नहीं मिल पाई। कप्तान जोस बटलर और जॉनी बेयरस्टो बड़े शॉट नहीं लगा सके। हैरी ब्रूक (53) और लियाम लिविंगस्टोन (33) ने मोर्चा संभाला लेकिन इंग्लैंड अंतिम तीन ओवर में 25 रन नहीं बन पाया।

रनरेट में सुधार जरूरी

दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप दो में अपने दोनों मैच जीते हैं और वह अभी शीर्ष पर है। इंग्लैंड के बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में 164 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी नहीं कर पाए और इस मैच में हार के कारण उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया। वेस्टइंडीज की अमेरिका के खिलाफ बड़ी जीत से इस ग्रुप में सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ रोमांचक हो गई है। विंडीज और इंग्लैंड के 2-2 अंक हैं लेकिन इंग्लैंड का रनरेट कम है। ऐसे में सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए इंग्लैंड को इसमें सुधार करना जरूरी होगा।

सेमीफाइनल का समीकरण

अभी किसी भी टीम ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की नहीं की है। इंग्लैंड को अंतिम चार में जगह बनाने की होड़ में बने रहने के लिए अमेरिका के खिलाफ कम से कम 10 रन या एक ओवर शेष रहते हुए जीत हासिल करनी होगी। अगर इंग्लैंड ऐसा करने में सफल हो जाएगा तो दक्षिण अफ्रीका की मुश्किल बढ़ जाएगी क्योंकि वेस्टइंडीज के खिलाफ यहां तक कि सुपर ओवर में हारने पर भी वह बाहर हो जाएगा। यदि दक्षिण अफ्रीका जीतने में सफल रहता है और इंग्लैंड की टीम अमेरिका से हार जाती है तो फिर वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और अमेरिका में से जिसका नेट रन रेट बेहतर होगा वह ग्रुप से दूसरे स्थान पर रहकर सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा।

मैच प्रीव्यू 1

अफगानिस्तान के सामने ऑस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती

नंबर गेम

- 01 टी-20 मैच दोनों टीमों के बीच अब तक हुआ जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने अफगान टीम को चार रन से हराया
- 179 रन पांच मैच में ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड ने बनाए, अफगान बल्लेबाज गुरबाज के पांच मैच में 178 रन हैं
- 15 विकेट लेकर अफगान गेंदबाज फारुकी शीर्ष पर हैं, दूसरे नंबर पर कंगारू गेंदबाज जांपा ने 11 विकेट लिए हैं

एजेंसी । किंग्सटाउन

भारत से हारने के बाद अफगानिस्तान के सामने रविवार को टी-20 विश्व कप के सुपर आठ ग्रुप 1 के अपने दूसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती होगी। ग्रुप के अपने पहले मुकाबले में भारत से 47 रन से हारने वाली अफगान टीम काफी दबाव में होगी क्योंकि उस पर जीत ही नहीं बल्कि नेट रन रेट सुधारने का दबाव भी होगा।

आसान नहीं राह

अफगानिस्तान -2.350 के नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर है और उसके लिए इसे बेहतर करना और साथ ही ग्रुप की अंक तालिका में ऊपर की ओर बढ़ना मुश्किल काम होगा जिसमें बांग्लादेश भी शामिल है। अफगानिस्तान के लिए बल्लेबाजी में रहमानुल्लाह गुरबाज (178 रन) और इब्राहिम जदरान (160) अहम खिलाड़ी हैं लेकिन उन्हें मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाजों से सहयोग की जरूरत है। फजलहक फारूकी (15 विकेट) और राशिद खान (9) दोनों ने अमेरिकी पिचों पर बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें खड़ी की हैं जिससे दोनों फॉर्म में चल रहे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों पर लगाम कसने में महत्वपूर्ण होंगे।

जीत का पंच जड़ चुके कंगारू

अफगानिस्तान ने ग्रुप चरण में हरफनमौला कौशल का प्रदर्शन किया जिसकी बदौलत वह वेस्टइंडीज के बाद दूसरे स्थान पर रहने में सफल रहा। लेकिन 2021 की विजेता ऑस्ट्रेलियाई टीम को रोकने के लिए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा जो लगातार पांच जीत दर्ज कर चुकी है। ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम की बात की जाए तो डेविड वार्नर (169 रन) और ट्रेविस हेड (179) की विस्फोटक सलामी जोड़ी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाने में माहिर लेकिन राशिद और फारूकी अपनी गेंदबाजी से प्रभाव डाल सकते हैं।

बदला लेने लेने पर नजर

दोनों टीमें पिछली बार 2023 वनडे विश्व कप में एक-दूसरे के आमने सामने हुई थीं। मुंबई में ग्लेन मैक्सवेल ने शानदार दोहरा शतक जड़ा था जबकि पैट कमिंस ने दूसरे छोर पर उन्हें मजबूत सहयोग दिया था। अफगानिस्तान निश्चित रूप से उस हार का बदला लेना चाहेगा, भले ही प्रारूप अलग हो क्योंकि वे इस प्रारूप में सहज महसूस करते हैं। साथ ही उनके पास बेहतर प्रदर्शन करने के लिए कौशल और मानसिकता है। पर देखना होगा कि राशिद की टीम अपनी योजनाओं को अच्छी तरह आजमा पाती है या नहीं।

फॉर्म में नहीं मैक्सवेल

हालांकि उसके लिए मैक्सवेल की फॉर्म चिंता बनी हुई है। लेकिन मिचेल मार्श की ऑस्ट्रेलियाई टीम भी अपने विस्फोटक बल्लेबाजों की बदौलत टूर्नामेंट की मजबूत टीम में से एक है। उसके पास टिम डेविड के रूप में शानदार खिलाड़ी मौजूद है जो बेहतरीन ऑलराउंडर है। मध्य और निचले क्रम में मार्कस स्टोइनिस की मौजूदगी टीम को मजबूत बनाती है जिनकी मौजूदा फॉर्म (तीन मैच, 156 रन) शानदार है। स्कॉटलैंड के खिलाफ पिछले मैच में पैट कमिंस की हैट्रिक के बावजूद ऑस्ट्रेलियाई टीम को क्षेत्ररक्षण में सुधार की जरूरत होगी क्योंकि स्कॉटलैंड के खिलाफ उन्होंने छह कैच टपकाए जिसमें से अकेले मार्श ने तीन कैच छोड़े। एडम जांपा (11) इस विश्व कप में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। यह लेग स्पिनर तीन तेज गेंदबाजों के बाद टीम के लिए अहम गेंदबाज हैं।

होप की धमाकेदार पारी

विंडीज ने सुपर 8 के ग्रुप 2 अपने दूसरे मुकाबले में अमेरिका को 55 गेंद रहते हुए 9 विकेट से हराया

जीत के साथ वेस्टइंडीज के 'होप' कायम

ब्रिजटाउन। रोस्टन चेज और आंद्रे रसेल की शानदार गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज शाई होप की तूफानी पारी की मदद से वेस्टइंडीज ने सह मेजबान अमेरिका पर बड़ी जीत से विश्व कप में अपनी उम्मीदें बरकरार रखी हैं। सुपर 8 के ग्रुप 2 अपने दूसरे मुकाबले में मेजबान टीम ने शनिवार को अमेरिका पर 55 गेंद रहते हुए 9 विकेट से जीत दर्ज की।

शुरुआती झटके लगे

छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए जॉनसन चार्ल्स 14 गेंद पर 15 रन बनाकर आउट हो गए लेकिन होप और निकोलस पूरन ने दूसरे विकेट के लिए केवल 23 गेंद पर 63 रन जोड़कर टीम को बड़ी जीत दिलाई। पूरन ने 12 गेंद पर नाबाद 27 रन बनाए जिसमें तीन छक्के और एक चौका शामिल है। होप ने शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया और चार्ल्स के साथ पहले विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी की। उन्होंने छक्के लगाने के अपने कौशल का खुलकर प्रदर्शन किया तथा अपनी पारी के दौरान मिलिंद कुमार पर लगातार तीन छक्के भी लगाए।

नंबर गेम

- 182 रन नाबाद शाई होप ने 39 गेंदों पर चार चौकों और आठ छक्कों की मदद से लगाए
- 63 रन की नाबाद साझेदारी होप ने निकोलस पूरन के साथ 23 गेंदों पर निभा जीत दिलाई

होप की तूफानी पारी

अपने पहले मैच में इंग्लैंड से हारने वाले वेस्टइंडीज के लिए इस मैच में सब कुछ सकारात्मक रहा। उसने पहले टॉस जीता और फिर अमेरिका की पूरी टीम को 19.5 ओवर में 128 रन पर आउट कर दिया। इसके बाद वेस्टइंडीज ने होप की 39 गेंद पर खेली गई नाबाद 82 रन की पारी की मदद से केवल 10.5 ओवर में एक विकेट पर 130 रन बनाकर अपने नेट रन रेट में बहुत सुधार किया। होप ने अपनी पारी में चार चौके और आठ छक्के लगाए। वेस्टइंडीज को अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए दक्षिण अफ्रीका को हराना होगा।

निकोलस पूरन का रिकॉर्ड

निकोलस पूरन इस टूर्नामेंट में अभी तक 17 छक्के लगा चुके हैं जो किसी एक टी-20 विश्व कप में नया रिकॉर्ड है। पूरन ने इस तरह वेस्टइंडीज के अपने पूर्व साथी क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 2012 में 16 छक्के लगाए थे।

रसेल ने ब्रावो की बराबरी की

आंद्रे रसेल ने 31 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने टी-20 विश्व कप में वेस्टइंडीज की तरफ से सर्वाधिक विकेट (27) लेने के ड्वेन ब्रावो के रिकॉर्ड की बराबरी की।

महिला टीम दक्षिण अफ्रीका का सफाया करने उतरेगी

बेंगलुरु। भारत और दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेट टीमें रविवार को यहां तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में आमने-सामने होंगी। इस मुकाबले में मेजबान टीम की नजर जीत के साथ सीरीज का सफाया करने पर लगी होंगी।

दो मैच जीत चुकी: मेजबान भारतीय टीम ने सीरीज का पहला मैच आसानी से जीता लेकिन दूसरे मैच में उसे संघर्ष करना पड़ा। पहले मैच में भारतीय टीम ने पांच विकेट पर 99 रन के स्कोर से उबरकर 260 रन से अधिक का स्कोर बनाया था।

एंडी मरे पीठ की चोट की सर्जरी कराएंगे

लंदन। पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे विम्बलडन या पेरिस ओलंपिक में खेलने की कोशिश के बारे में कोई फैसला लेने से पहले पीठ की चोट से निपटने के लिए सर्जरी करवाएंगे। 37 साल के मरे ने पीठ दर्द के कारण बुधवार को क्वींस क्लब में अपना दूसरे दौर का मैच बीच में छोड़ दिया था, तब वह जॉर्डन थॉम्पसन से 1-4 से पीछे थे। ब्रिटेन के इस खिलाड़ी ने मुकाबला शुरू होने से पहले ही दाएं पैर में परेशानी की शिकायत की थी। दो बार के विम्बलडन विजेता मरे ने इस साल के अंत में संन्यास लेने का संकेत दिया है। ऑल इंग्लैंड क्लब (विम्बलडन) में पहले दौर का खेल एक जुलाई से शुरू होगा।

'मकसद' का शुभारंभ

फिल्मों की शूटिंग इन दिनों उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में हो रही है। अब एक और अपकमिंग हिन्दी फिल्म 'मकसद' की शूटिंग उतर प्रदेश के नवाबों के शहर लखनऊ में आगामी 22 अगस्त 2024 से शुरू होने जा रही है। 21 जून को मुंबई में आस्था आर्ट ऐंड मूवीज के बैनर तले बनने वाली फिल्म 'मकसद' का शुभ आरंभ कर दिया गया है।

इस अवसर पर निर्माता सतीश पांडे, लेखक, निर्देशक बिरेंद्र पासवान, नायक विक्की सिंह और कैमरामैन संजय सिंह के साथ फ़िल्म के पी.आर.ओ. दिनेश यादव भी उपस्थित रहे। इस फिल्म में सयाजी शिंदे और जॉनी लीवर जैसे कलाकार भी महत्वपूर्ण भूमिका में नज़र आएंगे। हालांकि अभी बाकी कलाकारों का चयन जारी है।

फ़िल्म के राइटर डायरेक्टर बिरेंद्र पासवान का कहना है कि मकसद की कहानी बॉलीवुड की फार्मूला फिल्मो से काफी अलग है। हम सब बेहद उत्साहित हैं कि इसकी शूटिंग लखनऊ में अगस्त में होने जा रही है। फ़िल्म का प्रेजेंटेशन काफी अनोखा होगा जिसे दर्शकों से भरपुर प्यार मिलने की उम्मीद है। आज कंटेंट ही किंग है और स्टोरीलाइन अगर हटकर है तो फिर वह ऑडिएंस को अवश्य अट्रैक्ट करेगी।

फिल्मों के प्रदर्शन के साथ 18वें मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का समापन

मुंबई। 18वें मुम्बई अंतर्राष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव का समापन बड़े ही शानदान ढंग से हुआ। उल्लेखनीय है कि इस महोत्सव में 12,000 से ज़्यादा डेलिगेट्स ने हिस्सा लिया और यहां पर कुल 314 फ़िल्मों को प्रदर्शित किया गया। ग़ौर करने वाली बात है कि महोत्सव के ताज़ा संस्करण में अभूतपूर्व रूप से डेलिगेट्स ने अपनी भागीदारी दर्शायी और विभिन्न तरह की स्क्रीनिंग, परिचर्चाओं व मास्टरक्लास में भाग लेकर इस आयोजन को सफल बनाया। इस महोत्सव के माध्यम से मुंबई समेत दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई और पुणे जैसे शहरों में कुल 59 देशों की फ़िल्मों को प्रदर्शित किया गया। महोत्सव के समापन के ख़ास मौके पर फ़ेस्टिवल डायरेक्टर और (एनएफडीसी) के मैनेजिंग डायरेक्टर प्पृथुल कुमार ने इस साल लोगों की ओर से मुम्बई अंतर्राष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव को मिले भारी प्रोत्साहन पर अपनी ख़ुशी जताई।

सनी देओल संग काम करने को उत्सुक निर्देशक गोपीचंद मालिनेनी



पिछले साल 'गदर 2' जैसी ब्लॉकबस्टर देने के बाद से ही अपने जमाने के बेहतरीन एक्शन स्टार रहे सनी देओल के पास फिल्मों का तांता लगा है। वह एक के बाद एक फिल्में साइन कर रहे हैं और इन्हीं में से दक्षिण भारतीय फिल्म 'SDGM' है, जिसका निर्देशन गोपीचंद मालिनेनी करने वाले हैं। कुछ दिन पहले ही इस फिल्म का ऐलान हुआ था और अब हाल ही में गोपीचंद ने सनी के काम करने को लेकर अपना उत्साह जताया है।

'यह एक अच्छी फिल्म होगी'

गोपीचंद ने बताया कि वह सनी को निर्देशित करने के लिए क्यों उत्साहित हैं। वह बोले, 'बॉलीवुड में अपने डेब्यू को लेकर काफी घबराया हुआ हूं, लेकिन इसके साथ ही मुझे पूरा विश्वास है कि यह एक अच्छी फिल्म होगी। दरअसल, मैंने सनी जैसे किसी व्यक्ति को ध्यान में रखते हुए ही यह स्क्रिप्ट लिखी थी।' इस फिल्म का निर्माण 'पुष्पा' की प्रोडक्शन कंपनी मैत्री मूवी मेकर्स के बैनर तले हो रहा है।

सनी ने स्क्रिप्ट सुनते ही भरी फिल्म के लिए हामी

गोपीचंद ने खुलासा किया कि सनी से उनका संपर्क निर्माताओं ने कराया था। वह बोले, ₹यह सौभाग्य की बात है कि निर्माता भी सनी को फिल्म में लेने की मेरी इच्छा से सहमत हो गए और मुझे अभिनेता से संपर्क करने में मदद की। आश्चर्य की बात यह है कि जब मैं सनी के पास 'SDGM' का प्रस्ताव लेकर पहुंचा तो उन्हें यह पसंद आई और इसके लिए तुरंत हां कह दिया।'

शाहरुख खान ने फिर मिलाया राजकुमार हिरानी से हाथ



बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की पिछले साल 3 फिल्में रिलीज हुई थीं, जिनमें से एक 'डंकी' थी। इसमें शाहरुख पहली बार निर्देशक राजकुमार हिरानी के साथ काम करते नजर आए थे। दोनों की जुगलबंदी दर्शकों को बहुत पसंद आई थी और सभी एक बार फिर उन्हें साथ में काम करते देखने के लिए बेकरार थे। अब उन दर्शकों की दिली इच्छा पूरी होने वाली है। ताजा खबरों के अनुसार, शाहरुख और हिरानी नई फिल्म पर काम करने वाले हैं।

हिरानी के साथ देशभक्ति से भरपूर फिल्म बनाएंगे शाहरुख

बॉलीवुड गलियारों में अफवाहों का बाजार गर्म है कि हिरानी और शाहरुख एक बार फिर हाथ मिलाने जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह एक्शन-एडवेंचर और देशभक्ति से ओत-प्रोत फिल्म होगी। इसकी कहानी बेहद दिलचस्प होने वाली हैं। हालांकि, इसके बारे में अभी और ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म के लिए अभिनेता का नाम तय होने के साथ मुख्य अभिनेत्री के नाम पर भी मोहर लग चुकी है।

सामंथा रुथ प्रभु के साथ जमेगी जोड़ी

दक्षिण भारतीय सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री नयनतारा संग काम करने के बाद शाहरुख, हिरानी की इस आगामी फिल्म में एक बार फिर शाहरुख साउथ की अभिनेत्री संग इश्क फरमाते दिखेंगे। खबरें हैं कि शाहरुख के साथ इस फिल्म में सामंथा रुथ प्रभु धमाल मचाती नजर आएंगी। कहा जा रहा है कि फिल्म की आधिकारिक घोषणा 15 अगस्त को होगी। अगर इस खबर में सच्चाई होती है तो तीनों का साथ आना दर्शकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं होगा।

कैसा रहा था 'डंकी' का कारोबार?

शाहरुख और हिरानी की फिल्म 'डंकी' की बात करें तो यह अभिनेता की 2023 की तीसरी फिल्म थी। इससे पहले 'पठान' और 'जवान' ने सिनेमाघरों में दस्तक दी थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया था और दुनियाभर में 500 करोड़ रुपये की कमाई की थी। 'डंकी' एक पारिवारिक मनोरंजक फिल्म थी, जिसमें शाहरुख के अलावा तापसी पन्नू, बोमन ईरानी और विक्की कौशल जैसे कलाकार नजर आए थे। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर मौजूद है।

न्यूज ब्रीफ

एयर अरेबिया की कालीकट-शारजाह फ्लाइट में बम की सूचना

कोझीकोड। केरल के कोझीकोड में कालीकट इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक एयर अरेबिया की फ्लाइट में शनिवार (22 जून) सुबह बम की सूचना मिली। बम डिटेक्शन स्क्वाड और पुलिस जांच के बाद सूचना फर्जी पाई गई। यह फ्लाइट कालीकट से शारजाह के लिए सुबह साढ़े 8 बजे टेक ऑफ करने वाली थी।एयरपोर्ट के अधिकारी ने बताया कि सुबह बोर्डिंग से पहले ग्राउंड स्टाफ को एक नोट मिला था। इस नोट में बम लिखा हुआ था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। बम डिटेक्शन स्क्वाड की टीम ने मौके पर पहुंचकर पूरे एयरक्राफ्ट की जांच की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। फ्लाइट की पिछली ट्रिप के किसी पैसेंजर ने यह नोट छोड़ा था। फिलहाल बम स्क्वाड की टीम से फाइनल रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। फ्लाइट अब साढ़े 8 घंटे की देरी के बाद शाम 5 बजे उड़ान भरेगी। पैसेंजर्स की असुविधा के लिए हम माफी चाहते हैं।

मुस्लिम लीग-जम्मू कश्मीर और तहरीक-ए-हुर्रियत पर जारी रहेगा प्रतिबंध

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने पिछले साल मुस्लिम लीग जम्मू कश्मीर (मसरत आलम गुट) और तहरीक-ए-हुर्रियत पर प्रतिबंध लगाया था। अब यूएपीए ट्रिब्यूनल ने इसपर मुहर लगा दी है। इसके साथ ही उनके बैंक खाते और वित्तीय लेनदेन को भी फ्रीज कर दिया है। इससे पहले जनवरी में केंद्र सरकार ने मुस्लिम लीग जम्मू कश्मीर की सभी संपत्तियों को जब्त करने का निर्देश दिया था। दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सचिन दत्ता की एक सदस्यीय न्यायाधिकरण का गठन इस साल जनवरी में प्रतिबंध लगाने के पीछे पर्याप्त कारणों का आकलन करने के लिए किया गया था।

अधीर रंजन ने कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की बात की खारिज

नई दिल्ली। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने पश्चिम बंगाल के प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पद से इस्तीफा देने की खबरों को खारिज कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी के संविधान के मुताबिक राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के चुनाव के बाद सभी राज्य इकाइयों के अध्यक्ष अस्थाई प्रमुख बन गए हैं। अधीर रंजन चौधरी ने आगे कहा, 'जिस दिन से मल्लिकार्जुन खड़गे अखिल भारतीय कांग्रेस के अध्यक्ष बने हैं उस दिन से अन्य राज्यों में कोई भी स्थाई अध्यक्ष नहीं है। मैं भी राज्य में कांग्रेस का अस्थाई अध्यक्ष हूं।'

शेख हसीना ने हैदराबाद हाउस में की पीएम मोदी से मुलाकात

नई दिल्ली। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना दो दिवसीय दौरे पर भारत आई हुई हैं। शुक्रवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शेख हसीना का राष्ट्रपति भवन में स्वागत किया गया। इसके बाद शेख हसीना और पीएम मोदी ने राष्ट्रपति के प्रांगण में दोनों देशों के मंत्रियों से मुलाकात की। इस दौरान बांग्लादेश की पीएम का स्वागत के लिए पीएम मोदी के साथ विदेश मंत्री एस. जयशंकर, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, राज्य मंत्री जीतेंद्र सिंह और कीर्तिवर्धन सिंह भी मौजूद रहे।

अमरनाथ यात्रा से पहले पुख्ता की गई सुरक्षा व्यवस्था : मनोज सिन्हा

- अमरनाथ मंदिर की 'प्रथम पूजा में ऑनलाइन शामिल हुए एलजी
- देशभर के तीर्थयात्रियों के लिए 29 जून से शुरू हो जाएंगे दर्शन

एजेंसी । श्रीनगर

एक सप्ताह में शुरू होने जा रही अमरनाथ यात्रा को लेकर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को कहा कि तीर्थयात्रा को सफल बनाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के साथ ही सुविधाओं में भी सुधार किया गया है। उप राज्यपाल मनोज सिन्हा शनिवार को श्रीनगर के राजभवन से ही अमर नाथ यात्रा की 'प्रथम पूजा में ऑनलाइन माध्यम से शामिल हुए। उन्होंने कहा, देशभर के तीर्थयात्रियों के लिए दर्शन 29 जून से शुरू होंगे। शाइन बोर्ड (श्री अमरनाथ) और जम्मू कश्मीर प्रशासन ने तीर्थयात्रियों के लिए विशेष व्यवस्था की है। पिछले दो वर्षों में यात्रियों के लिए सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। सिन्हा ने कहा कि इस वर्ष सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने पवित्र गुफा तक जाने वाली सड़कों को बेहतर बनाया है और कुछ हिस्सों को चौड़ा किया है।

इस बार ज्यादा सुगम होगी यात्रा

पूजा के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि मेरा मानना है इस बार तीर्थयात्रियों की यात्रा ज्यादा सुगम होगी। उन्होंने कहा कि सभी धर्म के लोग यात्रा का समर्थन करते हैं। दक्षिण कश्मीर में 3,880 मीटर ऊंचे पवित्र गुफा मंदिर के लिए 52 दिवसीय तीर्थयात्रा 29 जून को शुरू होगी और 19 अगस्त को समाप्त हो जाएगी। पिछले वर्ष 4 .5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने यात्रा की थी।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर की समीक्षा

अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि जम्मू के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन ने जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर समीक्षा की और तीर्थयात्रा को बाधित करने के आतंकवादियों के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए उच्च स्तर की सतर्कता की जरूरत पर जोर दिया।

आतिशी के सत्याग्रह में हुआ हंगामा

- आप के कार्यकर्ताओं पर लगे मारपीट के आरोप

एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी पानी की समस्या के बीच सत्याग्रह कर रही है। शनिवार को सत्याग्रह का दूसरा दिन था, लेकिन हरियाणा सरकार की ओर से पानी छोड़ने की बात पर सहमति नहीं बन पाई है और ना ही केंद्र सरकार ने इस पर कोई बयान दिया है। आम आदमी पार्टी आरोप लगा रही है कि हरियाणा सरकार दिल्ली के हक का पानी नहीं दे रही है, जिसके कारण पानी की समस्या हो रही है। इसलिए यह सत्याग्रह किया जा रहा है। लेकिन सत्याग्रह के दूसरे

दिन पूर्व सिविल डिफेंस कर्मचारी ने हंगामा कर दिया है।

आप ने हमारी नौकरी छीन ली: प्रदर्शनकारी

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी समेत कई आम आदमी पार्टी के नेता जिस स्थान पर सत्याग्रह आंदोलन कर रहे थे, उस स्थान पर पूर्व सिविल डिफेंस कर्मचारी पहुंचे और अरविंद केजरीवाल समेत आम आदमी पार्टी के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। बस मार्शलों का आरोप है कि केजरीवाल की सरकार ने उनसे नौकरी छीन ली और उसे बेरोजगार बना दिया है। इस दौरान सिविल डिफेंस कर्मचारी और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। यह वाकया तब घटित हुआ, जब AAP नेता संजय सिंह भाषण दे रहे थे।

केंद्र ने राज्यों को समय पर कर हस्तांतरण किया: निर्मला सीतारमण

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार ने राज्यों को प्रोत्साहित करने के लिए समय पर कर हस्तांतरण और जीएसटी मुआवजा बकाया चुकाया है। राज्यों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व बैठक में सीतारमण ने उनसे उस योजना का लाभ उठाने के लिए भी कहा, जिसके तहत केंद्र राज्यों को तयशुदा सुधार करने के लिए 50 साल का ब्याज मुक्त ऋण देता है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने वृद्धि को प्रोत्साहन देने के लिए समय पर कर हस्तांतरण, वित्त आयोग अनुदान और जीएसटी मुआवजे के बकाया के जरिए राज्यों को केंद्र सरकार के समर्थन को रेखांकित किया।

राज्यों ने विशेष सहायता योजना को सराहा

सीतारमण ने पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना का भी उल्लेख किया। ज्यादातर राज्यों ने केंद्र की पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना की सराहना की और आगे सुधार के लिए कुछ सुझाव दिए।

आम बजट के लिए सुझाव मिले

बयान में कहा गया कि प्रतिभागियों ने केंद्रीय वित्त मंत्री को वित्त वर्ष 2024-25 के आम बजट के लिए कई सुझाव भी दिए। राजस्थान की वित्त मंत्री और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बताया कि उन्होंने पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी), जल जीवन मिशन (जेजेएम), कुछ राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं और रेलवे लाइनों के लिए आवंटन में बढ़ोतरी की मांग की। कर्नाटक के वित्त मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा ने ऊपरी भद्रा जल परियोजना के लिए पहले से घोषित सहायता में से 5,300 करोड़ रुपये जारी करने और इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की मांग की। उन्होंने उपकर और अधिभार को विभाज्य पूल में शामिल करने की भी मांग की।

बम धमाके में बुजुर्ग की मौत के बाद एक्शन में पुलिस

कन्नूर। केरल के कन्नूर जिले में एक बम विस्फोट में बुजुर्ग व्यक्ति की मौत के एक दिन बाद इलाके में दो और बम पाए गए। इलाके में तलाशी के दौरान पुलिस ने कुथुपरम्बा में अंबिलाड रोड पर एक संपत्ति से दो स्टील बम बरामद किए। पुलिस ने बताया कि इस तरह के और कितने बम यहां रखे गए हैं, इसकी जांच जारी है। दरअसल, 18 जून को थालास्सेरी के पास एक बम विस्फोट में 86 वर्षीय बुजुर्ग की मौत के बाद इसे लेकर राजनीतिक विवाद शुरू हो गया। इस मामले में कांग्रेस और भाजपा दोनों ही राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी सीपीआई(एम) पर निशाना साध रहे हैं। राज्य में विपक्षी पार्टियों ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार पुलिस के साथ मिलकर अपराधियों और बम बनाने की गतिविधियों को बढ़ावा दे रही है।

मुख्यमंत्री रेड्डी ने किया 2 लाख रुपए तक की कर्जमाफी का ऐलान

हैदराबाद। तेलंगाना सरकार ने किसानों का 2 लाख रुपए तक का कर्ज माफ करने का बड़ा फैसला लिया है। कैबिनेट मीटिंग के बाद शुक्रवार को मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने इसकी घोषणा की। तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार है और पार्टी ने इसे अपने चुनावी घोषणा पत्र में शामिल किया था। सीएम रेड्डी ने बताया कि 12 दिसंबर 2018 से 9 दिसंबर 2023 के बीच जिन किसानों ने दो लाख रुपये तक का कर्ज लिया है, उन्हें एकमुश्त माफ कर दिया जाएगा। इस योजना से लगभग 40 लाख किसानों को लाभ होगा, जबकि सरकारी खजाने पर 31,000 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा।

मुख्यमंत्री बोले- हमने अपना चुनावी दावा निभाया

सीएम रेड्डी ने बताया कि कर्ज माफी का विवरण और पात्रता की शर्तें जल्द ही सरकारी आदेश (जीओ) में प्रकाशित की जाएंगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पिछली केसीआर की बीआरएस सरकार ने एक लाख रुपये की कर्ज माफी के अपने वादे को ईमानदारी से लागू नहीं करके किसानों और खेती को मुश्किल में डाल दिया था। रेड्डी ने कहा कि उनकी सरकार दो लाख रुपये के कृषि ऋण माफी के अपने चुनावी वादे को पूरा कर रही है।

किसानों की हालत सुधारने में मिलेगी मदद

माना जा रहा है कि कांग्रेस सरकार के इस ऐलान से तेलंगाना के किसानों को आर्थिक संकट से बाहर निकलने में मदद मिलेगी और कृषि क्षेत्र में स्थिरता आएगी। सरकार का यह कदम राज्य में कृषि और किसानों की स्थिति में सुधार लाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। इससे पहले कांग्रेस सरकार बनने पर कर्नाटक में भी मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने किसानों की कर्जमाफी का ऐलान किया था।

रेणुकास्वामी हत्या मामला

अभिनेता दर्शन की मुश्किलें बढ़ी

- कोर्ट ने चार जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेजा

बेंगलुरु। कन्नड़ फिल्म अभिनेता दर्शन थुगुदीपा को रेणुकास्वामी की हत्या मामले में एक स्थानीय अदालत ने शनिवार को चार जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अन्य आरोपियों- विनय, प्रदोष और धनराज को भी न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। दर्शन 11 जून से पुलिस हिरासत में थे। दर्शन और अन्य आरोपियों को बेंगलुरु में सेंट्रल जेल ले जाया गया है। दर्शन की दोस्त पवित्रा गौड़ा सहित 13 आरोपियों को दो दिन पहले 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। इस मामले में कुल 17 लोग आरोपी हैं। सूत्रों के अनुसार रेणुकास्वामी ने इंटरनेट मीडिया पोस्ट में पवित्रा के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी।

विदेशों से आए पार्सल से 3.5 करोड़ के नशीले पदार्थ बरामद

एजेंसी । अहमदाबाद

गुजरात पुलिस ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा से आए कई पार्सल से हाइब्रिड गांजे का साथ-साथ कई ड्रग्स खिलौनों और डायपर से बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक बरामद किए गए इन ड्रग्स की कीमत करीब 3.5 करोड़ है।

एनडीपीएस एक्ट में दर्ज किया गया केस

वहीं एक अधिकारी ने बताया कि नारकोटिक ड्रग्स और साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत एक एफआईआर दर्ज की गई है और जबकि नई दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई और अहमदाबाद से पांच लोगों को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन से आए संदिग्ध पार्सल में ड्रग्स छिपाए गए थे और ये सभी सोशल मीडिया साइट, टेलीग्राम और डॉर्क वेब के जरिए ऑर्डर किए गए थे।

हाइब्रिड गांजा और क्रैटोमद्य किया गया जब्त

पुलिस की ओर से जारी किए गए बयान के अनुसार एक तलाशी अभियान के तौर पर अहमदाबाद अपराध शाखा और सीमा शुल्क विभाग ने शुक्रवार को विदेश से भेजे गए कुल 58 कूरियर को अलग किया गया, क्योंकि उनमें हाइब्रिड गांजा और क्रैटोम जैसे मादक पदार्थ पाए गए।

वैज्ञानिक दावा

अंटार्कटिका क्षेत्र में बहती थी विशाल नदी

एजेंसी । वाशिंगटन

अंटार्कटिका महाद्वीप आज भले ही बर्फ की विशाल चादर से ढका हो पर चार करोड़ वर्ष पहले यहां एक नदी बहा करती थी। भूवैज्ञानिकों ने पश्चिमी अंटार्कटिका की बर्फ की चादर में खुदाई करके इस प्राचीन नदी के अवशेषों की खोज की है। उनका दावा है कि यह नदी लगभग 1600 किलोमीटर तक का लंबा सफर तय करती थी।

क्या है दावे में ?

साइंस एडवांसेज जर्नल में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, यह खोज पृथ्वी के इतिहास की एक झलक पेश करती है और संकेत देती है कि जलवायु परिवर्तन ग्रह को कैसे बदल सकता है। इसमें कहा गया है, अगर हम भविष्य में गंभीर जलवायु परिवर्तन के बारे में सोचते हैं, तो हमें पृथ्वी के इतिहास के उन अवधियों से सीखने की जरूरत है जहां यह पहले ही हो चुका है। अध्ययन के सह-लेखक और अल्फ्रेड वेगेनर इंस्टीट्यूट हेल्महोल्ट्ज सेंटर फॉर पोलर एंड मरीन में वैज्ञानिक जोहान क्लागेस ने कहा, 3.4 करोड़ से 4.4 करोड़ वर्ष पूर्व पृथ्वी के वायुमंडल में भारी बदलाव आया। इस युग को ईओसीन के रूप में जाना जाता है।

हैरतअंगेज रूप से धरती जैसे-जैसे ठंडी हुई, उसने बर्फ-मुक्त पृथ्वी पर ग्लेशियरों के निर्माण को गति दी। वैज्ञानिक इस बात की जांच कर रहे हैं कि अंटार्कटिका में यह जलवायु घटनाक्रम कैसे हुआ, खासकर तब जब मानव-जनित जलवायु परिवर्तन के कारण पृथ्वी पर कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, पश्चिमी अंटार्कटिका का अधिकांश भाग आज बर्फ से ढका हुआ है, जिससे तलछटी चट्टानों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है।

कार्रवाई | कार्रवाई की टाइमिंग की चर्चा

पूर्व CM के पार्टी ऑफिस पर चला बुलडोजर

जगन मोहन बोले- चंद्रबाबू का बर्ताव तानाशाह जैसा

एजेंसी । अमरावती

आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की पार्टी का निर्माणाधीन ऑफिस राज्य सरकार ने बुलडोजर से गिरा दिया है। शनिवार सुबह 5:30 बजे यह कार्रवाई आंध्र प्रदेश राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण (CRDA) ने की। गुंटूर के तड़ेपल्ली में यह आफिस 9,365 वर्ग फीट में बनाया जा रहा था।

इस कार्रवाई की टाइमिंग की खूब चर्चा हो रही है। दरअसल, सितंबर 2023 में जब YSRCP की सरकार थी और जगनमोहन रेड्डी CM थे, तब TDP चीफ चंद्रबाबू नायडू को सुबह 6 बजे उनके घर से गिरफ्तार किया गया था। CID ने भ्रष्टाचार के आरोप में चंद्रबाबू को अरेस्ट किया था। YSRCP का ऑफिस भी 5:30 बजे तोड़ा गया। इससे पहले, हैदराबाद महानगर निगम ने रेड्डी के लोटस पॉन्ड आवास से लगे फुटपाथ पर अवैध निर्माण को तोड़ दिया। इसका उपयोग सुरक्षाकर्मी कर रहे थे। इसके अलावा YSRCP को विशाखापत्तनम ऑफिस के अवैध निर्माण को लेकर एक और नोटिस मिला है। रेड्डी के आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के महज 10 दिन बाद यह कार्रवाई की गई। राज्य सरकार की एजेंसियों की इस कार्रवाई पर YSRCP प्रमुख जगन मोहन रेड्डी ने कहा- आंध्र प्रदेश के नए मुख्यमंत्री और TDP सुप्रीमो चंद्रबाबू नायडू बदले की राजनीति कर रहे हैं। वे एक तानाशाह की तरह व्यवहार कर रहे हैं।

YSRCP बोली- सरकार ने हाईकोर्ट का निर्देश भी नहीं माना

राज्य सरकार की कार्रवाई पर YSRCP ने कहा कि ऑफिस तोड़े जाने से पहले उसमें स्लैब डालने की तैयारी हो रही थी। तेलंगाना हाईकोर्ट ने किसी भी तरह की तोड़फोड़ की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। पार्टी की लीगल टीम ने CRDA कमिश्नर को इस आदेश से अवगत करा दिया था। CRDA ने इस आदेश की अवहेलना की है।

सूरज रेवन्ना को 'ब्लैकमेल' करने के आरोप में दो लोगों पर FIR दर्ज

बेंगलुरु। कर्नाटक पुलिस ने यौन अपराधों के आरोपी पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के भाई और जेडी(एस) विधान पार्षद सूरज रेवन्ना से झूठे यौन उत्पीड़न के मामले में जबरन वसूली की शिकायत पर दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। जेडी(एस) के हासन जिले के अरकलागुडु शहर के एक पुरुष कार्यकर्ता ने सूरज रेवन्ना पर यौन शोषण का आरोप लगाया था।सूरज रेवन्ना के करीबी सहयोगी शिवकुमार ने होलेनरसीपुरा थाने में पीड़ित और उसके परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। शिवकुमार ने शिकायत में कहा है कि पैसे ऐंठने के लिए सूरज रेवन्ना के खिलाफ झूठे आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि आरोपियों ने सूरज रेवन्ना को पांच करोड़ रुपये न देने पर यौन शोषण का मामला दर्ज कराने की धमकी दी थी।